दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
■ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 261 | जयपुर | शुक्रवार ,25 जुलाई, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## संक्षिप्त समाचार

### भारत सरकार ने स्कूलों में एआई सिखाने के लिए एसओएआर कार्यक्रम शुरू किया




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) द्वारा मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित भारत स्किलनेक्स्ट 2025 कार्यक्रम में एसओएआर (एआई रेडीनेस के लिए कौशल) नामक इस कार्यक्रम का आधिकारिक शुभारंभ किया गया। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) द्वारा मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित भारत स्किलनेक्स्ट 2025 कार्यक्रम में एसओएआर (एआई रेडीनेस के लिए कौशल) नामक इस कार्यक्रम का आधिकारिक शुभारंभ किया गया। इस पहल की घोषणा करते हुए, कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि एसओएआर को कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को,ड्ड-साक्षर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे वे वास्तविक जीवन में,ड्ड को समझ सकें और उसका उपयोग कर सकें। यह पहल भारत के व्यापक कौशल विकास रोडमैप में एक महत्वपूर्ण कदम है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के साथ निकटता से जुड़ी हुई है।

**एआई प्रशिक्षण मॉड्यूल**

एआई प्रशिक्षण मॉड्यूल एक मिश्रित शिक्षण दृष्टिकोण के माध्यम से प्रदान किए जाएँगे, जिसमें ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म को व्यावहारिक कार्यशालाओं के साथ जोड़ा जाएगा। स्कूलों को निरंतर सीखने और प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए एआई प्रयोगशालाएँ स्थापित करने और एआई क्लब बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

### जयपुर में पेट्रोल पंप कर्मचारियों को लाठी-डंडों से पीटा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( क.स )।** जयपुर के पेट्रोल पंप पर लाठी-डंडों से हमला करना का मामला सामने आया है। जो पहले पंप पर लूट की वारदात कर चुके थे। कर्मचारियों ने उन्हें पहचान लिया तो मौके से चले गए। फिर देर रात पेट्रोल पंप पर पहुंचकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। कैश और सामान लूटकर भाग गए। हमले में सिक्योरिटी गार्ड घायल हो गया। वारदातस्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज में हमलावरों की करतूत कैद हो गई। चंदवाजी थाना पुलिस फुटेज के आधार पर कार सवार हमलावरों की तलाश कर रही है।

एसएचओ (चंदवाजी) हीरालाल सैनी ने बताया- दिल्ली-अजमेर हाईवे पर चंदवाजी स्थित बीलपुर में पेट्रोल पम्प पर वारदात हुई। बुधवार रात करीब 1:30 बजे तीन लड़के कार में डीजल डलवाने के लिए पेट्रोल पम्प पर आए थे। पेट्रोल पम्प पर मौजूद कर्मचारियों ने उन्हें पहचान लिया। करीब 15-20 दिन पहले बिना पेमेंट किए डीजल भरवाकर भागने की बात बताई। कार सवार लड़के झगड़ा कर धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

# भारत-ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

## कीर स्टार्मर बोले- ये डील नौकरियों और आम लोगों के लिए फायदेमंद

बढ़ता राजस्थान

**लंदन ( एजेंसी )।** लंदन पहुँचने पर प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि लंदन पहुँच गया हूँ। यह यात्रा हमारे देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में काफ़ी मददगार साबित होगी। उन्होंने लिखा कि हमारा ध्यान हमारे लोगों की समृद्धि, विकास और रोज़गार सृजन को बढ़ावा देने पर होगा। वैश्विक प्रगति के लिए भारत-यूके की मज़बूत दोस्ती ज़रूरी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को चेकर्स एस्टेट में अपने यूनाइटेड किंगडम (यूके) समकक्ष कीर स्टारमर से मुलाकात की। चेकर्स एस्टेट ब्रिटिश प्रधानमंत्री का आधिकारिक निवास है और लंदन से 50 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित है। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को अपनी दो दिवसीय यूके यात्रा के लिए लंदन पहुँचे थे। यह प्रधानमंत्री की यूके की चौथी यात्रा है। लंदन पहुँचने पर प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि लंदन पहुँच गया हूँ। यह यात्रा हमारे देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में काफ़ी मददगार साबित होगी। उन्होंने लिखा कि हमारा ध्यान हमारे लोगों की समृद्धि, विकास और रोज़गार सृजन को बढ़ावा देने पर होगा। वैश्विक प्रगति के लिए भारत-यूके की मज़बूत दोस्ती ज़रूरी है।

### भारत, ब्रिटेन ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

प्रधानमंत्री मोदी की कीर स्टारमर के साथ बैठक के दौरान, भारत और ब्रिटेन ने तीन साल की बातचीत के बाद ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों ने इस साल मई में एफटीए पर हस्ताक्षर किए थे और इससे टैरिफ से 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात को लाभ



होने की उम्मीद है। इसके अलावा, इससे ब्रिटिश कंपनियों के लिए भारत को कार, व्हिस्की और अन्य उत्पादों का निर्यात करना भी आसान हो जाएगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने पहले एफटीए की सराहना करते हुए इसे एक ऐतिहासिक समझौता बताया था। उन्होंने दिन में पहले एक्स पर पोस्ट किया, भारत के साथ एक ऐतिहासिक समझौते का मतलब है ब्रिटेन में रोज़गार, निवेश और विकास। यह हज़ारों ब्रिटिश रोज़गार पैदा करता है, व्यवसायों के लिए नए अवसर खोलता है और कामकाजी लोगों की जेब में पैसा डालता है। यही हमारी परिवर्तनकारी योजना है। भारत और ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर के बाद ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के लिए बड़ा लाभ लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि ये डील मजदूरों की तनख्वाह बढ़ाएगी, जीवन स्तर सुधारेगी और कामकाजी लोगों की जेब में ज्यादा पैसा डालेगी।

मोदी बुधवार को ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए। दोनों देशों ने छह मई को व्यापार समझौते के लिए वार्ता के समापन की घोषणा की। दोनों देशों ने दोहरे अंशदान सम्मेलन समझौते, या सामाजिक सुरक्षा समझौते पर बातचीत भी पूरी कर ली है। इससे ब्रिटेन में सीमित अवधि के लिए काम करने वाले भारतीय पेशेवरों को सामाजिक सुरक्षा कोष में दोहरे अंशदान से बचने में मदद मिलेगी। ऐसे व्यापार समझौतों में, दोनों देश परस्पर व्यापार वाली अधिकतम वस्तुओं पर सीमा शुल्क या तो समाप्त कर देते हैं या उसमें उल्लेखनीय कमी कर देते हैं। ये समझौते सेवाओं और द्विपक्षीय निवेश में व्यापार को बढ़ावा देने के मानदंडों को भी आसान बनाते हैं।

# डोटासरा बोले-धनखड़ बीमार तो बीजेपी नेता-मंत्री मिलने क्यों नहीं गए

## बीजेपी का मॉडल है संवैधानिक संस्थाओं में पपेट बैठाओ; वसुंधरा, पूनिया और राठौड़ की मेहनत में क्या कमी थी?

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जगदीप धनखड़ के इस्तीफे को लेकर एक बार फिर बीजेपी और केंद्र सरकार पर? सियासी पलटवार किया है। डोटासरा ने कहा- जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा क्यों दिया, आज तीन दिन हो गए बयान तक नहीं आया। धनखड़ अगर बीमार हैं तो एक भी बीजेपी नेता उनके घर जाकर कुशलक्षेम पूछने गया है क्या? एक मंत्री का नाम बता दो जिसने धनखड़ की कुशलक्षेम पूछी हो।डोटासरा ने कहा- बीजेपी का मॉडल यही है कि हर संवैधानिक संस्था में और हर राज्य में अपने पपेट (कठपुतली) बैठाओ। जब वो विवेक और मर्जी से काम करने लगे। संविधान के तहत काम करने लगे तो दूसरा पपेट बैठाओ। यही राजस्थान में हो रहा है। यही दिल्ली में हो रहा है। गोविंद सिंह डोटासरा पीसीसी में बोल रहे थे।

### हम दो हमारे दो का पैटर्न देश के लिए खतरनाक

डोटासरा ने कहा- राजस्थान में आपने



देखा ऊपर से पर्ची आई। राजेंद्र राठौड़, सतीश पूनिया, सीपी जोशी, वसुंधरा राजे जैसे नेता काम कर रहे थे, उनमें से कोई सीएम क्यों नहीं बना? उनकी मेहनत में कमी थी क्या? इनका पैटर्न ही यही है कि जनता को चाहने वाला नेता नहीं हो, जनता जिसे पसंद करे वो काम नहीं हो। हम दो हमारे दो का पैटर्न देश के लिए खतरनाक है।

धनखड़ राजस्थान के सपूत, उनके इस्तीफे से पूरे राजस्थान का अपमान हुआ

डोटासरा ने कहा- जगदीप धनखड़ राजस्थान के सपूत हैं, उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया। उन्होंने इस्तीफा दिया या इस्तीफे के लिए मजबूर किया गया। धनखड़ के इस्तीफे से तानाशाही सरकार के कामकाज पर प्रश्न चिन्ह लगा है। बीजेपी की नीति सही है कि पहले किसानों, दलितों, पिछड़ों और गरीब सवर्णों के वोट लो। फिर उनके नेताओं को यूज लो। वो उनकी तानाशाही माने तब तक ठीक है। तानाशाही नहीं माने तो उन्हें काटकर फेंक दो।डोटासरा ने कहा- धनखड़ के इस्तीफे से पूरे राजस्थान का अपमान हुआ है। वो राजस्थान का बेटा है, उनका इस्तीफा लिया या देने को मजबूर किया। यह संविधान और लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। यह छत्तीस कौम का अपमान है। इससे यह तय हो गया कि डबल इंजन की सरकारें लोकतंत्र को नहीं मानती। तानाशाही के रास्ते पर चलती हैं। इसका आने वाले समय में नुकसान होगा।

### अविनाश गहलोत कौन होते हैं पंचायत चुनाव कराने वाले?

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत के पंचायत-निकाय चुनाव एक साथ कराए जाने के बयान पर पलटवार करते हुए डोटासरा ने कहा- अविनाश गहलोत कौन होते हैं, पंचायत चुनाव करवाने वाले? पंचायत राज मंत्री हो, नगर निकाय मंत्री हो या मुख्यमंत्री हो या मोदी हो सब ने तमाशा बना रखा है। कह रहे हैं कि दिसंबर में चुनाव करवा लेंगे। लेकिन मैं लिखकर दे रहा हूं कि जो ओबीसी आयोग बना है। उसकी रिपोर्ट ही नहीं आएगी, ये दिसंबर तक चुनाव कैसे कराएंगे?

**तबादलों में बड़ी पर्चियां कट रहीं**

डोटासरा ने कहा- सरकार में ट्रांसफर का खेल चल रहा है। आईएएस और आईपीएस की तबादला सूची में बड़ी पर्चियां कट रही हैं, लेकिन यह पैसा कहां जा रहा है। कोई नहीं बता पा रहा है।

### खेल परिषद और आरसीए एडहॉक कमेटी में खत्म हुआ विवाद

## एसएमएस स्टेडियम का हर दिन एक लाख तक किराया वसूलेगा परिषद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन और खेल परिषद में जारी विवाद अब थम गया है। गुरुवार को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी ने खेल परिषद की सभी शर्तों को मंजूर कर लिया है।



इसके बाद अब सवाई मानसिंह स्टेडियम को प्रतिदिन मैच दिवस का एक लाख रुपए तक किराया दिया जाएगा एडहॉक कमेटी कन्वीनर दीन दयाल कुमावत ने बताया- राजस्थान में खिलाड़ियों और क्रिकेट के विकास के लिए हमारी कमेटी प्रतिबद्ध है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम को प्रतिदिन किराए पर लेने का फैसला किया है। ताकि न सिर्फ नेशनल और इंटरनेशनल बल्कि, डोमेस्टिक टूर्नामेंट में भी प्रदेशभर के खिलाड़ी प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ ग्राउंड सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेल सकें इसी सोच के साथ आज हमने राजस्थान क्रीड़ा परिषद के सचिव राजेंद्र सिंह सिसोदिया से मुलाकात कर उन्हें अपना सहमति पत्र भी सौंप दिया है। इसके बाद अब एकेडमी बिल्डिंग के थर्ड फ्लोर का हर महीने किराया दिया जाएगा। सवाई मानसिंह स्टेडियम में जब भी मैच का आयोजन होगा। तब हम प्रति मैच के अनुसार भुगतान करेंगे।

# एक और बड़ा प्लेन हादसा, 50 यात्रियों को लेकर उड़ा रूसी विमान घने जंगलों में हुआ क्रैश

बढ़ता राजस्थान

**मास्को ( एजेंसी )।** लैंडिंग के दौरान पायलट की गलती को दुर्घटना का कारण माना जा रहा है। रूसी विमान पूर्वी अमूर क्षेत्र में लापता हो गया था। रूसी हवाई यातायात नियंत्रण ने गुरुवार को कहा कि पूर्वी अमूर क्षेत्र में लगभग 50 लोगों को ले जा रहे एक एएन-24 यात्री विमान से उसका संपर्क टूट गया है। हालाँकि, बचाव दल ने 50 यात्रियों वाले लापता रूसी विमान के जलते हुए हिस्से का पता लगा लिया है।



2025 में कई सारे प्लेन हादसे देखने को मिले हैं। इनमें सबसे बड़ा एयर इंडिया का अहमदाबाद प्लेन क्रैश था। लेकिन अब रूस से एक बड़ी दुखद खबर सामने आ रही है। वहां एक पैसेंजर प्लेन क्रैश हो गया है और लगभग सभी लोग मारे गए हैं। न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को चीन की सीमा के पास देश के पूर्वी क्षेत्र में 50 यात्रियों को ले जा रहा एक रूसी यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी लोगों की मौत हो गई। लैंडिंग के दौरान पायलट की गलती को दुर्घटना का कारण माना जा रहा है। रूसी विमान पूर्वी अमूर क्षेत्र में लापता हो गया था। रूसी हवाई यातायात नियंत्रण ने गुरुवार को कहा कि पूर्वी अमूर क्षेत्र में लगभग 50 लोगों को ले जा रहे एक एएन-24 यात्री विमान से उसका संपर्क टूट गया।




# कंबोडियाई सैनिकों की गोलीबारी में 12 थाई लोगों की मौत

## थाईलैंड ने कंबोडिया के सैन्य ठिकानों पर हमले किए, F-16 तैनात किया

बढ़ता राजस्थान

**बैंकॉक / नोम पेन्ह ( एजेंसी )।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच आज सुबह सीमा पर गोलाबारी हुई है। कंबोडियाई सैनिकों की गोलीबारी में 12 थाई लोगों की मौत हो गई है। वहीं,14 घायल हैं।थाईलैंड ने जवाब में कंबोडिया के सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। दोनों देशों ने एक दूसरे पर पहले हमला करने का आरोप लगाया है।कंबोडिया के विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया कि थाई सैनिकों ने सुबह गोलीबारी की, जबकि थाई सेना ने कहा कि कंबोडिया



ने पहले ड्रोन से हमला किया और फिर तोप और लंबी दूरी के बीएम 21 रॉकेटों से हमला किया।

हमले को देखते हुए थाईलैंड ने बॉर्डर पर स्न-16 लड़ाकू विमान तैनात किया है। इस साल 28 मई को बॉर्डर पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच भिड़ंत हुई थी, जिसमें एक कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई थी इसके बाद से दोनों देशों के बीच विवाद जारी है। इसी विवाद की वजह से इंडोनेशिया की पीएम पाइतोंगतार्न शिनवात्रा को भी पद से हटाया गया था।

### थाईलैंड ने 40 हजार नागरिकों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया

हमले के बाद थाईलैंड ने सीमा से लगे 86 गांवों से लगभग 40 हजार नागरिकों को सुरक्षित जगहों पर भेज दिया है। वहीं, कंबोडिया में रहने वाले थाई लोगों को भी अपने देश लौटने की अपील की गई है।कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह स्थित रॉयल थाईलैंड दूतावास ने कहा कि सीमा पर स्थिति बिगड़ती जा रही है और झड़पों के लंबे समय तक जारी रहने की संभावना के कारण, दूतावास ने अपने नागरिकों से जितनी जल्दी हो सके कंबोडिया छोड़ने को कहा है।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बूंदी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसु,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# हरियाली अमावस्या पर एक पेड़ माँ के नाम ब्यावर में 2.51 लाख पौधों का वृहद वृक्षारोपण कृषि उपज मंडी में भव्य कार्यक्रम आयोजित

## भैरूखेड़ा बनेगा प्रेरणा स्थल :जिला स्तरीय आयोजन 27 जुलाई को

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर, (विष्णु दत्त धीमान) । राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी पर्यावरणीय पहल मिशन हरियालों राजस्थान एक पेड़ माँ के नाम अभियान-2025 के अंतर्गत हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर ब्यावर जिले में गुरुवार को सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कृषि उपज मंडी परिसर में प्रातः प्रारंभ हुए इस आयोजन में जिला प्रशासन व नगर परिषद ब्यावर की संयुक्त मेज़बानी रही।

कार्यक्रम में उमड़ा जन सहभागिता का सैलाब

जिला कलेक्टर कमल राम मीना, मिशन के नोडल अधिकारी एसीईओ गोपाल लाल, नगर परिषद आयुक्त दिव्यांश सिंह, कृषि मंडी उपज सचिव बनवारी लाल माथुर, अनाज मंडी व्यापार संघ, वूल एसोसिएशन, श्री उद्योग, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर मीना ने संबोधन में कहा कि पर्यावरणीय चेतना को जन आंदोलन में बदलना ही इस अभियान का उद्देश्य है। एक पेड़ माँ के नाम लगाना केवल प्रतीक नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति श्रद्धा और भावनात्मक जुड़ाव का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि भारत उपवनों में फलदार पौधे लगाकर सरकारी भूमि का संरक्षण व अतिक्रमण रोकने की दिशा में यह अभिनव प्रयास किया जा रहा है। फलदार वृक्षों से ग्रामीण आजीविका को भी बल मिलेगा।



भैरूखेड़ा बनेगा प्रेरणा स्थल - जिला स्तरीय आयोजन 27 जुलाई को

कलेक्टर मीना ने आगामी हरियाली तीज (27 जुलाई) को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतु ग्राम पंचायत भैरूखेड़ा (पंचायत समिति जवाजा) में सभी नागरिकों को आमंत्रित किया। यहां 2500 पौधे लगाने का लक्ष्य है, जबकि पूरे जिले में इस दिन 5 लाख पौधे रोपित करने का संकल्प है। श्री मीना ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि एक पेड़ माँ के नाम केवल वृक्षारोपण नहीं, भावनात्मक और सांस्कृतिक जुड़ाव का प्रतीक है।

मियावाकी तकनीक से वृक्षारोपण,मंडी बनेगी हरित आच्छादन क्षेत्र

आयुक्त दिव्यांश सिंह ने बताया कि नगर परिषद पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और हरित विकास को प्राथमिकता देते हुए आगामी समय में भी इसी उत्साह और समर्पण के साथ कार्य करता रहेगा। एक पेड़ माँ के नाम जैसे अभियानों को निरंतर समर्थन देते हुए नगर परिषद शहरी क्षेत्र में मियावाकी तकनीक, हरित पट्टियों, सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण तथा नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयासरत रहेगा। उन्होंने जानकारी दी कि कृषि उपज मंडी परिसर में मियावाकी तकनीक से वृक्षारोपण किया गया है। यह विधि स्थानीय प्राकृतिक वनस्पति (पीएनवी) के आधार पर घने जंगल विकसित करने में सहायक है। इस तकनीक के माध्यम से शहरी वनीकरण को नया आयाम दिया जा रहा है।

## नवप्रवेशित छात्राओं का तिलक लगाकर किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान




साहवा (कृष्ण कुमार)। कस्बे में संचालित प्रेरणा गर्ल्स कॉलेज में बीए प्रथम में प्रवेश लेने वाली नव प्रवेशित छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बुधवार को महाविद्यालय में हुए कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय में अध्ययनरत बीए समेस्टर द्वितीय एवं चतुर्थ की छात्राओं द्वारा प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाली नवप्रवेशित छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वाइस प्रिंसिपल डॉ पूनम जोशी, मंजू बाला, माडूराम गोदारा, मांगीलाल सिंहमार, दलीप कुमार जोशी, राकेश कुमार मान, रोहिताश घोटड़ा, प्रदीप कुमार राहड़, कॉलेज निदेशक कमल कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## मानवाधिकार परिषद की जिला प्रभारी बनी ममता शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं अत्याचार विरोधी मानवाधिकार परिषद के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बसवाल की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिजेश मिल्की ने ममता शर्मा माँजुकोट निवासी को (कोटपूतली बहरोड़) जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है। संगठन ने उनके कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार व्यक्तित्व को देखते हुए ये एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। परिषद ने गहरी उम्मीद करते हुए श्रीमती शर्मा को अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगी। साथ ही पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया। नियुक्ति की जानकारी संगठन की ओर से मनोनयन पत्र जारी कर दी गई है।

## कावड यात्रा का शिव मंडल एवं श्री बजरंग व्यायाम शाला द्वारा हाट चौक में भव्य स्वागत किया

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** रावतभाटा श्री शिव शक्ति सेवा दल चारभुजा झालरबावडी द्वारा श्री केदारनाथ ज्योतिर्लिंग से आई कावड यात्रा का शिव मंडल एवं श्री बजरंग व्यायाम शाला द्वारा हाट चौक में भव्य स्वागत किया गया जिसमें श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद वितरण किया गया एवं भगवान भोलेनाथ की भव्य झांकी सजाई गई एवं महाआरती की गई एवं जेसीबी द्वारा पुष्प वर्षा की गई एवं भव्य आतिशबाजी की गई इस दौरान श्री अनोखेराज हनुमान मंदिर महंत श्री बाबूलाल जी शिव मंडल अध्यक्ष गुलशन वाधवानी डॉ गोविद शर्मा हरीश राठौर हर्ष जैन भरत वधवा दिलीप मीणा श्री बजरंग व्यायाम शाला अध्यक्ष भरत अरोड़ा राहुल राठौर पवन सेन राहुल एनिया निखिल सैन प्रिंस वाधवानी उमेश सेन दीपक रैगर सौरभ जैन नरेंद्र लक्ष्यकार स्वप्निल जैन यश रेटूदिया भरत लक्षकार नमन वधवा करण नागर विकास बागड़ी अमन सरदार रुद्राक्ष राठौर योगेश पारेता आशु मलिक मितलेश सिंह लक्की अरोड़ा मयंक शर्मा सिद्धार्थ वधवा राकेश राठौर देवा सोनी लक्ष्मण डाबी अंशुल टेलर भूपेन्द्र बागड़ी पवन खन्ना हर्ष छाबड़ा अजय माली लाला बना रोहन कुमार लवनीत सेन तीर्थ जैन निखिल लक्ष्कार धनंजय जैन ललित जंगम आदि शिव मंडल एवं श्री बजरंग व्यायाम शाला के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरण पर त्वरित कार्रवाई , जालिया प्रथम में रास्ते का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाया गया

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान ) ।** जिला प्रशासन द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर संवेदनशीलता से कार्रवाई करते हुए आमजन की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीना के निर्देश पर तहसील ब्यावर के राजस्व ग्राम जालिया प्रथम में रास्ते का सीमांकन कर रास्ते की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया।उक्त कार्रवाई गिरदावर प्रभु सिंह रावत एवं पटवारी मूला राम भाटी की उपस्थिति में राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर संपन्न की गई। सीमांकन के पश्चात सार्वजनिक रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करते हुए ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा प्रदान की गई।जिला प्रशासन आमजन के अधिकारों की रक्षा एवं सुशासन की मंशा के अनुरूप जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर तत्परता से कार्यवाही कर रहा है।

## आवारा सांडों के झगड़े के चपेट में आने से बाइक चालक घायल

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** मंडावरा रोड पर रविवार को शाम 7 बजे सड़क पर घूम रहे सांडो के झगड़े में एक बाइक चालक युवक चपेट में आ गया जिसमें वह घायल हो गया। घटना के बाद युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। न्यू आदर्श कॉलोनी का निवासी नैतिक मंगल है। युवक बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान सड़क पर लड़ते हुए दो सांड बाइक से टकरा गए। घटना के बाद मौके पर लोग जमा हो गए। इसके बाद परिजन भी घटनास्थल पहुंच गए।

## नशा एक सामाजिक बुराई है- नशे की गुलामी छोडो

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** नशा मुक्त भारत ,नशा छोडने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा कुम्भकर्ण की चलित झाकी के माध्यम से युवाओ को जागरूक किया,झालावाड़ से चौमहला पहुंची झाकी को उपखंड अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया,यह झाकी गुरुवार शुक्रवार को चौमहला क्षेत्र के गावो स्कूलों में पहुंच कर युवाओं को जागरूक करेगी।भारत सरकार के न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के मिशन स्पंदन के तहत चौमहला मे नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान मे ब्रह्माकुमारी संस्था की अहम भूमिका है संस्था द्वारा जिले के विभिन्न स्थानो मे नशा मुक्त जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है इस अभियान मे नशे से मुक्त होने के उपाय बताये जा रहे है ।

## सोजतिया ज्वैलरी फेस्टः ग्राहकों का उमड़ा उत्साह

### ख़रीदी गई गोल्ड ज्वैलरी के बराबर शुद्ध चाँदी सिक्का फ्री

बढ़ता राजस्थान



उदयपुर (नि.स.)। सोजतिया ज्वैलर्स शोरूम पर चल रहा 11 दिवसीय सोजतिया ज्वैलरी फेस्ट ग्राहकों के बीच जबरदस्त लोकप्रियता हासिल कर रहा है। यह फेस्ट 31 जुलाई तक चलेगा, जिसमें पारंपरिक से लेकर आधुनिक ज्वैलरी डिजाइनों की भरमार है।प्रो रणजीत सिंह सोजतिया ने बताया कि इस फेस्ट का उद्देश्य न सिर्फ ग्राहकों को उम्दा ज्वैलरी उपलब्ध कराना है, बल्कि पारंपरिक शिल्पकला को भी जन-जन तक पहुंचाना है। एंटीक, कुंदन, मीना और कलकती कलेक्शन को ग्राहकों द्वारा बहुत पसंद किया जा रहा है।डॉ. महेन्द्र सोजतिया ने बताया कि फेस्ट में जड़ाऊ पोलकी का नायाब कलेक्शन पेश किया गया है, जिसे देखकर ग्राहक एडवांस बुकिंग करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस फेस्ट में खरीदी गई सोने की ज्वैलरी के वज़न के बराबर शुद्ध चांदी का सिक्का मुफ्त दिया जा रहा है।डॉ. ध्रुव सोजतिया ने जानकारी दी कि हमारी कोशिश हमेशा यही रही है कि ग्राहक को उच्च गुणवत्ता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता मिले। हमारे शोरूम की पहचान फिक्स्ड मेकिंग चार्ज,एचयूआईडी व बीआईएस हॉलमार्क ज्वैलरी, एवं भारत के विश्वसनीय रिटेल ज्वैलर अवॉर्ड जैसी उपलब्धियों से बनी है।नेहल सोजतिया ने बताया कि सोने के बढ़ते दामों को ध्यान में रखते हुए सोजतिया के वर्कशॉप में कम वज़न में अधिक फैलावट वाली ज्वैलरी तैयार कराई गई है, जो इस फेस्ट की खास पहचान बन चुकी है।इसके अलावा, स्वर्ण सुख योजना, मासिक बचत योजना जिसमें 10 किस्ते ग्राहक तथा 1 किस्त शोरूम द्वारा दी जायेगी साथ ही हर माह लकी ड्रॉ द्वारा 200 पुरस्कार निकाले जाएंगे। इसी तरह गोल्डन वॉलेट में ग्राहक थोड़ी समझदारी दिखाते हुए निश्चित समयावधि के पश्चात ज़ीरो मेकिंग चार्ज पर हॉलमार्क ज्वैलरी प्राप्त कर सकता है। तीनों ही योजनाओं को ग्राहकों से भरपूर प्रेम और समर्थन मिल रहा हैं।

## शिक्षक का कार्य कड़ी मेहनत व समर्पण से राष्ट्र का निर्माण : बाबूलाल वर्मा

बढ़ता राजस्थान



पावटा (सुशील कुमार बंसल )। कस्बे के पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा में प्रधानाचार्य बाबूलाल वर्मा का स्थानान्तरण हो जाने पर ग्रामीणों व स्टॉफ सदस्यों की ओर से विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान वर्मा समेत जालिम सिंह का स्थानान्तरण होने पर माला, साफा व प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुए सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। निवर्तमान प्रधानाचार्य बाबूलाल वर्मा ने कहा कि शिक्षक का कार्य कड़ी मेहनत व समर्पण के साथ राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग देना होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ-साथ उन्हें जीवन में संस्कार व अनुशासन सिखाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिये। बालकों की यही पीढ़ी देश का भविष्य है। विद्यालय में नए पद पर कार्यभार ग्रहण किये प्रिंसिपल विपिन कुमार मामोडिया व वाईस प्रिंसिपल मनीषा देवी का भी विद्यालय स्टाफ व ग्रामवासियों के द्वारा स्वागत कर दोनों को विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान व्याख्याता मालाराम यादव, महावीर शर्मा, निखिल गुप्ता, प्रकाश कसाना, अरविंद शर्मा, धोलाराम जाट, उमाशंकर, गोविंद सिंह, पूनम देवी, धन्नी देवी, रजनी चौहान, संजीता देवी, सुनिल कुमारी, पुष्पा कुमारी समेत छात्र-छात्रायें एवं ग्रामीण मौजूद थे। इस मौके पर बाबूलाल वर्मा व जालिम सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान सभी ने उनके साथ बिताए गए पलों को याद किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## काव्य संकलन गागर बनी सागर का विमोचन- राष्ट्रसंत पुलकसागर का मिला आशीर्वाद

बढ़ता राजस्थान



उदयपुर (नि.स.)। देश के प्रमुख 193 साहित्यकारों की काव्य रचनाओं से सुसज्जित एवं राजेंद्र डागा द्वारा संपादित काव्य संकलन गागर बनी सागर का विमोचन नगर निगम प्रांगण में आयोजित ज्ञान गंगा महोत्सव के विशाल मंच पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रसंत आचार्य पुलक सागर ने आशीर्वाद प्रदान करते हुए इस प्रकाशन को साहित्य सेवा का उत्तम उदाहरण बताते हुए प्रशंसनीय प्रयास बताया।

राष्ट्रसंत के साथ राजस्थान के जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, चातुर्मास समिति अध्यक्ष विनोद फांदोत व मंत्री प्रकाश सिंघवी, स्माइल्स फॉर ऑल ट्रस्ट की अध्यक्ष इंदिरा डागा समाजसेवी व जेएसजी इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर सी मेहता, महावीर जैन जागृति परिषद के डॉ. हिम्मतलाल वया, वरिष्ठ साहित्यकार प्रकाश तातेड व आशा पांडे ओझा 'आशा', राजेंद्र डागा, उप महापौर व मुख्य संयोजक पारस सिंघवी, ओसवाल छोटे साजन सभा अध्यक्ष प्रकाश कोठारी, ओसवाल बड़े साजन सभा मंत्री आलोक पगारिया, लालसिंह झाला, गजेंद्र भंसाली, विजयसिंह खमेसरा, शांतिलाल मानोत आदि गणमान्य महानुभावों ने शुभ हस्तों से इस संग्रहणीय संकलन का विमोचन किया। इस अवसर पर संपादक राजेंद्र डागा ने इस विशाल राष्ट्रस्तरीय मंच पर अवसर प्रदान करने के लिए आचार्य पूज्य गुरुदेव पुलकसागर एवं अध्यक्ष विनोद फांदोत के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस संकलन में पद्य की सभी विधाओं यथा कविता, गीत, गजल, दोहे, हाइकु आदि का समावेश किया गया है तथा रचनाओं के साथ संबंधित लेखक का फोटो सहित संक्षिप्त परिचय भी दिया गया है, जो इस संकलन को और अधिक पठनीय एवं उपयोगी बनाता है।

## डॉ. अम्बेडकर विचार मंच का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित, सतवीर वर्मा बने अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कोटपूतली-बहरोड़ जिला प्रभारी सुरेश कुमार बुनकर के मुख्य आतिथ्य में गुरूवार को ग्राम भांकरी में डॉ. अम्बेडकर विचार मंच समिति का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। इस मौके पर सतवीर वर्मा को संवैधानिक रूप से भांकरी शाखा अध्यक्ष की शपथ दिलाते हुए नव नियुक्त अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया। सुभाष कोकिला को सचिव, सुंदर वर्मा को कोषाध्यक्ष, गन्नी खान को मीडिया प्रभारी व रवि वर्मा को प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही इरफान खान, महिपाल, गिरिराज, कुलदीप, राजकुमार, योगेश, रिंकू, विकाश, राजेन्द्र, सुरेन्द्र वर्मा को सदस्य नियुक्त किया गया। सभी सदस्यों ने बाबा साहब के विचारधारा को जीवन में उतारने व संगठित रहने का संकल्प लिया। अध्यक्ष सतवीर वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों और आगंतुक अतिथियों का माला व साफा पहनाकर अभिनन्दन किया गया।

# उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह व रीको अधिकारियों से मिले मार्बल एसोसिएशन के पदाधिकारी

## मार्बल पर जीएसटी 18 से घटाकर 5 प्रतिशत कम करनें हेतु जीएससटी काउन्सिल बैठक में प्रस्ताव रखनें का किया आग्रह

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (नि.स.)। उदयपुर मार्बल एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज कुमार जी गंगावत, पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राव व उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार मौर ने जयपुर में उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दीया कुमारीं, उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से मिलकर उदयपुर मार्बल उद्योग के औद्योगिक क्षेत्र विस्तार एवं विकास हेतु विभिन्न बिंदुओ पर विस्तृत विचार विमर्श किया।

अध्यक्ष पंकज कुमार गंगावत ने बताया कि उदयपुर मार्बल उद्योग के विस्तार एवं विकास हेतु विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत विचार विमर्श किया। इसमें प्रमुखतः जीएसटी से सम्बंधित मुद्दा था, जो की पिछले वर्ष केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन जब उदयपुर मार्बल एसोसिएशन कार्यालय विगत 22 अगस्त 2024 आयी थी तब उदयपुर मार्बल एसोसिएशन द्वारा निवेदन किया गया था की मार्बल और ग्रेनाइट पर जीएसटी 18 प्रतिशत से कम कर 5 प्रतिशत किया जाए। इसके पश्चात पुनः आज एसोसिएशन पदाधिकारियों ने राज्य सरकार से भी निवेदन किया की जीएसटी काउंसिल में राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए आगामी बैठक में प्रस्ताव रखे की मार्बल राजस्थान का प्रमुख उद्योग हैं। इस पर जीएसटी 18 प्रतिशत से कम कर कोटा स्टोन, सेंड स्टोन व अन्य स्टोन की तरह ही 5 प्रतिशत किया जाए। इस पर



उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दीया कुमारी एवं उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह ने आश्वासन दिया की सरकार द्वारा इस पर सकारात्मक प्रयास किया जायेगा।

राज्य सरकार से निवेदन किया कि केंद्र सरकार की ओजीएल नीति के बाद विदेशी मार्बल का आयात 10 गुना से अधिक बढ़ गया है। इसका घरेलू उत्पाद से जुड़े मार्बल उद्योग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। जिसको नियंत्रित किए जाने का आग्रह किया। औद्योगिक क्षेत्र विस्तार व औद्योगिक क्षेत्र में आ रही समस्याओं, भीलों का बेदला को नया औद्योगिक क्षेत्र (मार्बल जोन) बनाने हेतु निवेदन किया।

इस अवसर पर पदाधिकारियों ने रीको प्रबंधक निदेशक शिवांगी स्वर्णकार एवं रीको कार्यकारी निदेशक आकाश तोमर से मिलकर उदयपुर मार्बल मंडी के रीको क्षेत्र में आ रही समस्या के विषय में चर्चा की एवं औद्योगिक क्षेत्र विस्तार में आ रही रुकावट का समाधान करने का निवेदन किया जिस पर रिको अधिकारियों ने समाधान करने हेतु आश्वस्त किया ।

आज ऑल राजस्थान मार्बल एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी के साथ श्रीमती निर्मला सीतारामन से मिलकर जीएसटी कम करने हेतु निवेदन किया। अब राजस्थान मार्बल स्टोन इंडस्ट्रीज के सभी व्यापारियों को आशा हैं की जल्द ही अपने प्रयास रंग लायेंगे ।

# राजस्व अधिकारियों की बैठक में जिला कलक्टर ने दिए अहम निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में बजट घोषणाओं की क्रियान्विति, संपर्क पोर्टल के प्रकरणों के निस्तारण और राजस्व संबंधी मामलों पर गहनता से चर्चा की गई।

**बजट घोषणाओं पर दें विशेष ध्यान**

जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने सभी राजस्व अधिकारियों को बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर भूमि आवंटन, डीपीआर और टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि विकास कार्यों को समय पर पूरा कर आमजन को लाभ मिल सके। उन्होंने विशेष रूप से बजट 2025-26 में जिले से संबंधित घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रक्रियाओं में गति लाने और कार्यों की नियमित निगरानी




पर जोर दिया।संपर्क पोर्टल के प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारणबैठक में संपर्क पोर्टल के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए आमजन को तुरंत राहत पहुंचाने का निर्देश दिया गया। जिला कलक्टर ने कहा कि इन प्रकरणों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाना चाहिए।

**राजस्व संबंधी प्रकरणों का समयबद्ध निपटारा**

जिला कलक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व से संबंधित सभी प्रकार के प्रकरणों का विहित समय में निस्तारण करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को जल्द से जल्द राहत मिल सके। उन्होंने उपखंड अधिकारियों को अपने क्षेत्र में संचालित समस्त गतिविधियों की नियमित निगरानी करने को कहा। विशेष रूप से म्यूटेशन, रास्ते, विरासत के प्रकरणों की निगरानी करने और सीमाज्ञान व पत्थरगढ़ी के मामलों में दोनों पक्षों को सुनकर संवेदनशीलता से कार्यवाही करने पर जोर दिया गया।उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में गति लाने और सर्वे कर प्रत्येक पात्र व्यक्ति का पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, लंबित प्रकरणों पर आवश्यक कार्यवाही कर उन्हें स्थानीय स्तर पर ही निपटाने को कहा, ताकि परिवादी को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, यह स्पष्ट चेतावनी दी गई।

**जनसुनवाई और रात्रि चौपाल से आमजन को राहत**

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को जनसुनवाई और रात्रि चौपाल के माध्यम से आमजन के बीच पहुंचकर उनके परिवादों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता के साथ आमजन के बिजली, पेयजल, सड़क आदि के प्रकरणों को सुना जाए और संतुष्टपूर्ण निस्तारण किया जाए। मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रकोष्ठ, संपर्क पोर्टल और जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता से निवारण करने पर भी जोर दिया गया।

**इन महत्वपूर्ण विषयों पर भी हुई चर्चा**

बैठक के दौरान संपरिवर्तन प्रकरणों, भूमि अवाप्ति, गैर खातेदारी प्रकरण, 90 ए, आरओडब्लयू पोर्टल, लंबित नामांतरण, सीपी ग्राम पोर्टल, शहरी विकास, लॉ एंड ऑर्डर, अवैध खनन की प्रभावी मॉनिटरिंग, मासिक सारांश रिपोर्ट, राजस्व सहित न्यायालयों व अदालतों के लंबित प्रकरण, एल आर/पीडीआर एक्ट प्रकरण, जीएलएमएसी से संबंधित प्रकरण, जीसीएमएस पोर्टल, सहायता संबंधित बकाया प्रकरण, सड़क सुरक्षा, गिरदावरी, अतिक्रमण, और राजस्व वसूली जैसे विभिन्न विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई और आवश्यक निर्देश दिए गए।

## राजकीय कन्या महाविद्यालय में गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )। कस्बे के डाबला रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आर.पी. गुर्जर ने की, जिन्होंने छात्राओं को जीवन में गुरु के महत्व से अवगत कराया।डॉ. गुर्जर ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करते हुए कहा कि गुरु शिष्य के जीवन को एक सार्थक दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने भारत की अनादिकाल से चली आ रही गुरु-शिष्य परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित करने और उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान, हिंदी विभाग ने यूजीसी द्वारा जून 2025 में आयोजित नेट परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण करने वाली छात्राओं खुशबू जांगिड़ और नीतू स्वामी को सम्मानित किया। प्रो. मनोज कुमार सैनी ने इस उपलब्धि पर छात्राओं की सराहना करते हुए इसे अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणादायी बताया।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. जगराम गुर्जर ने किया, जबकि डॉ. कमलेश यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य और छात्राएं उपस्थित रहीं।



## भव्य झांकी में शिवजी का लाखों नोटों से श्रृंगार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सावन के पावन अवसर पर ठठेरा समाज की ओर से श्री मुरली मनोहर मंदिर में शिवजी की सेवा के लिए भव्य झांकी सजाई गई। इस विशेष झांकी में लाखों के नोटों से भगवान शिव का अलौकिक श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे मंदिर परिसर को भी भव्य रूप से सजाया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।

## प्रिंस सैनी बने अखिल भारतीय राजस्थान माली समाज के उपाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन संस्थान पुष्कर की ओर से हार्वेस्ट कंपनी के सीईओ व फाउंडर प्रिंस सैनी को अखिल भारतीय राजस्थान माली समाज का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रिंस सैनी ने कार्यक्रम में हाथोंहाथ 51 लाख रुपए नगद समाज को दान में दिए और आने वाले तीन महीने के अंदर समाज के भलाई कार्यों जैसे कि भवन निर्माण, स्कूल निर्माण, चिकित्सालय निर्माण इत्यादि के लिए दो करोड़ रुपए देने की घोषणा की। राजस्थान के पुष्कर में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में कार्यक्रम में हार्वेस्ट कंपनी के सीईओ व फाउंडर एवं भोपालगढ़ निवासी प्रिंस सैनी ने बतौर अतिथि शिरकत की। जहां उनका गर्मजोशी के साथ में भव्य स्वागत किया गया। प्रिंस सैनी ने यहां आकर सबसे पहले अपने गुरुजी लखीदार का आशीर्वाद लिया और फिर महादेव मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की। गौरतलब है कि इस कार्यकारिणी विस्तार और सम्मान समारोह में पूरे देशभर से माली समाज के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रिंस सैनी को यह नया पद मिलने पर टीम मेंबर्स और समाज के लोगों में खुशी का माहौल है। माली समाज के नवयुवक मंडल ने 21 किलो की माला से प्रिंस सैनी का स्वागत सम्मान किया।



## ऑटो में सवारी बैठाकर लूट करने का आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। सांगानेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑटो में सवारी बैठाकर लूटपाट करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है और उनके पास से लूटे गए मोबाइल भी जब्त किए गए है। इसके अलावा लूट की वारदात में प्रयुक्त एक ऑटो भी जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया कि सांगानेर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑटो में सवारी बैठाकर लूटपाट करने वाले राकेश मीणा निवासी सरमथुरा जिला धौलपुर हाल जवाहर सर्किल को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित अकेले खडे व्यक्ति को अपने ऑटो से घर छोड़ने के लिए बैठा लेता है एवं थोडा आगे चलने के बाद पैसों की बात को लेकर बहस करता है और उसके बाद सवारी से पैसे व जो भी सामान होता है उसको छीनकर सवारी को सुनसान जगह पर उतारकर भाग जाता है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## गौ रक्षा दल ने मृत नंदी महाराज के शव को लेकर नगर परिषद के खिलाफ भारी आक्रोश



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के गढ़ कॉलोनी में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने पिछले दो दिनों से एक मृत नंदी महाराज का शव पड़ा होने से स्थानीय लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। नगर परिषद को बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद शव को नहीं हटाया गया, जिसके बाद गौ रक्षा दल कोटपूतली की टीम ने मौके पर पहुंचकर इस मामले को उठाया है।गौ रक्षा दल कोटपूतली ने इस संवेदनहीनता के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया है और प्रशासन से जल्द से जल्द शव को हटवाने की मांग की है।यह घटना नगर परिषद कीलापरवाही को उजागर करती है और स्थानीय निवासियों तथा गौ सेवकों के बीच भारी आक्रोश का कारण बनी हुई है। जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया। मृत नंदी महाराज के शव को हटाए जाने से स्थानीय लोगों और गौ सेवकों ने राहत की सांस ली है।सभी की मांग है कि प्रशासन इस मामले में तुरंत कार्रवाई करे और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।इस दौरान गौ रक्षा दल के सदस्य संतू सुंदरपुरा, मोहित सैनी, मयंक स्वामी, मोनू बागड़ी, और मनीष शर्मा सहित कई गौ सेवक उपस्थित रहे।

## हरियाली अमावस्या पर बनेठी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** बनेठी मे गुरुवार को हरियाली अमावस्या के अवसर पर राजस्थान सरकार के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नए भवन में डॉ. अशोक यादव और डॉ. प्रियंका सैनी के नेतृत्व में बड़े उत्साह के साथ पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कृष्ण वर्मा ने बताया कि इस दौरान अस्पताल स्टाफ ने 100 पेड़ लगाए और उनकी नियमित देखभाल और पानी डालने की जिम्मेदारी ली। इस नेक कार्य में भामाशाहों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया और पेड़ों की सुरक्षा के लिए लगभग 100 ट्री-गार्ड भेंट किए।प्रमुख भामाशाहों में शामिल रहे

भीमसिंह=31ट्री-गार्ड,समाजसेवी राकेशपालसिंह=31ट्री-गार्ड,शांतनु सिंह (कोटड़ी)=21 ट्री-गार्ड बलबीर वर्मा=,10 ट्री-गार्ड राजेश कुमावत=10 ट्री-गार्ड,गोपाल सिंह,कायमपुराबास=11 ट्री-गार्डमहिलाओं ने भी इस पौधारोपण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया और पेड़ों की सार-संभाल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने पेड़ लगाने, उनमें पानी डालने, और उनकी रक्षा व सुरक्षा करने की सामूहिक जिम्मेदारी ली।इस महत्वपूर्ण मौके पर डॉ. प्रियंका सैनी, डॉ. अशोक यादव, सरपंच प्रतिनिधि देवीसिंह, पूर्व सरपंच सुरेश सिंह, भीम सिंह, गोशाला अध्यक्ष मानसिंह तंवर, बलबीर वर्मा, हंसराज यादव, योगेश कुमावत, भवानी सिंह, छीतर कुमावत, भागीरथ कुमावत, शांतनुसिंह, गोपालसिंह, मुकेश देवी, बाला देवी और कोयली देवी, सुमन कुमावत, बिल्लू कुमावत, इमरती देवी, ममता वर्मा, संतोष देवी, दिनेश शर्मा सहित अनेक ग्रामीण, अस्पताल स्टाफ और महिलाएं मौजूद रहीं, जिन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## सड़कें गड्ढों में तब्दील, सुध लेने वाला कोई नहीं : इमरान कुरैशी

### कहा-जनप्रतिनिधि व प्रशासन क्षेत्र में जाकर जनता की सुध लें

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान कांग्रेस कमेटी के सचिव इमरान कुरैशी ने कहा कि राजधानी जयपुर के सांगानेर, विद्याधरनगर और झोटवाड़ा विधानसभा के साथ ही पूरे जयपुर के सभी विधानसभा क्षेत्रों में हर गली-मोहल्ले में सिर्फ गड्ढे नजर



आ रहे हैं। सड़क नाम की कोई चीज नहीं है, जो सड़कें 4 महीने पहले बनी थी उन सड़कों पर भी इतने गड्ढे ही गड्ढे दिख रहे हैं, सड़क नजर ही नहीं आ रही है। जनता की सुनने वाला कोई नहीं है। कई घंटे वाहनों का जाम लगा हुआ नजर आता है। यहां जारी एक बयान में कुरैशी ने कहा- लोगों ने अपनी सुरक्षा के लिए गड्ढों के चारों तरफ पत्थर लगा दिए, लोगों को सावधान करने के लिए बोर्ड लगा दिए हैं, लेकिन जनता की सुध लेने वाला कोई नहीं है। नेता सड़कों पर निकलकर अधिकारियों को निर्देश देते हुए नजर नहीं आते, जनता मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और विधायकों से उम्मीद कर रही है कि वह जाकर उनकी सुध लेंगे, लेकिन जनता के भारी आक्रोश के बावजूद सरकार के किसी भी प्रतिनिधि का लोगों के बीच में पहुंचकर गड्ढों के भरने के लिए कोई कार्रवाई नहीं करना बहुत शर्म की बात है। इमरान कुरैशी ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से आग्रह किया है कि वे मौके पर जाकर जनता की सुध लें और समस्या का समाधान करें।

## नृत्यम फाउंडेशन की पहल:लहरिया उत्सव का रंगारंग आयोजन छह अगस्त को

### काजल सैनी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए लहरिया थीम मे सजेगा मंच

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** नृत्यम फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध समाज सेविका काजल सैनी के नेतृत्व में इस वर्ष का लहरिया उत्सव बड़े धूमधाम से आयोजित किया जाएगा । यह सांस्कृतिक उत्सव छह अगस्त को स्वेज फार्म स्थित हीरा वैली रिसोर्ट में होगा। जिसमें महिलाओं और युवतियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। नृत्यम फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध समाज सेविका काजल सैनी ने बताया कि लहरिया उत्सव में डांस प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, फैशन शो और कई अन्य सांस्कृतिक आकर्षण प्रतियोगिताओं में विजेताओं को सम्मानित अतिथि गणों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना और उन्हें एक रचनात्मक मंच प्रदान करना है।

### थीम - लहरिया

सैनी ने बताया कि इस वर्ष की थीम लहरिया रखी गई है, जो राजस्थान की पारंपरिक संस्कृति और सावन की उमंग को दर्शाती है। इस थीम के तहत महिलाएं रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में लहरिया संगीत और गीतों पर नाचती-झूमती नजर आएंगी, जो कार्यक्रम की शोभा को और भी बढ़ाएगा।

### विशेष तैयारी -डांस ट्रेनिंग

इस कार्यक्रम से पूर्व सभी प्रतिभागियों को पांच दिवसीय डांस ट्रेनिंग दी जा रही है, जिसके माध्यम से वे अपनी प्रस्तुति को और भी प्रभावशाली बना सकेंगी। यह प्रशिक्षण छह अगस्त को मंचित होने वाली प्रस्तुतियों का हिस्सा होगा।

## जयपुर की वरिष्ठ नर्सिंग महिला लक्ष्मी शर्मा को मिला राष्ट्रीय फॉस्टर गौरव रत्न सम्मान




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर की वरिष्ठ नर्सिंग महिला अधिकारी लक्ष्मी शर्मा को राष्ट्रीय फॉस्टर गौरव रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान, मानव सेवा, तथा नर्सिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया।शर्मा लंबे समय से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में सेवा दे रही हैं और उन्होंने मरीजों की देखभाल व नर्सिंग प्रबंधन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है। उनकी सेवा भावना और कार्य के प्रति समर्पण को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिलने से जयपुर चिकित्सा जगत में हर्ष की लहर है। सम्मान समारोह में देशभर के चिकित्सा एवं नर्सिंग क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियाँ मौजूद रहीं। आयोजकों ने शर्मा को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की प्रेरणास्त्रोत बताया।

## हरियाली अमावस्या पर सेवाकुंज आश्रम में झूला महोत्सव और भजन संध्या

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर के महल रोड स्थित श्री निंबार्क कृष्ण बिहारी जी सेवाकुंज आश्रम, जगतपुरा में हरियाली अमावस्या के शुभ अवसर पर झूला महोत्सव का आयोजन संत बाबा कल्याण दास जी के मंगल सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर श्री राधा बृजचंद बिहार संकीर्तन मंडल द्वारा भजनों की रसधार प्रस्तुति दी गई, जिसका सभी भक्तों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के पश्चात भगवान को भोग अर्पित किया गया और प्रसादी पत्तलों का वितरण हुआ, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ ग्रहण किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बनवारी लाल विजय ने दी।



# पिता ने डेढ़ साल के बेटे को दौ सौ फीट गहरे बोरवेल में फेंका

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर ग्रामीण जिले के जमवारामगढ़ थाना इलाके में पिता ने डेढ़ साल के बेटे को दौ सौ फीट गह रे बोरवेल में फेंक दिया। जानकारी में सामने आया कि पिता मासूम बेटे की बीमारी से परेशान था और पत्नी के मायके जाने को लेकर भी काफी समय से तनाव में था। पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में लिया है। वहीं पुलिस और एसडीआरएफ टीम की मदद से बच्चे को बोरवेल से बाहर निकालने की कोशिश कर रही है।

थानाधिकारी जमवारामगढ़ रामपाल शर्मा ने बताया कि मामला इलाके के दीपोला गांव का गुरुवार सुबह का है। जहां दीपोला गांव में ललित परिवार के साथ रहता है। उस पर अपने तीन बच्चों में सबसे छोटे डेढ़ साल के बेटे राम की हत्या का आरोप है। पिछले कई महीनों से पति-पत्नी में झगड़ा हो रहा था। करीब एक महीने पहले तीनों बच्चों को छोड़कर पत्नी मायके चली गई। तब से ललित अकेला तीनों बच्चों की परवरिश कर रहा था। इस बीच डेढ़ साल का बेटा बीमार हो गया। बीमार होने के कारण बुधवार रात को उसे डॉक्टर के पास लेकर गया था। डॉक्टर के दवा देने के बाद बेटे को घर ले आया। सीरियस होने के साथ बेटे का शरीर ठंडा पड़ गया। शराब के नशे में घर के पास पत्थर से ढके बोरवेल को खोलकर उसमें बच्चे को फेंक दिया। लोगों की सूचना पर गुरुवार पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में लेकर बच्चे की तलाश शुरू की। वहीं एसडीआरएफ



टीम को बुलाया गया। एसडीआरएफ की टीम बोरवेल से बच्चे को बाहर निकालने के प्रयास कर रही है। बच्चे के जीवित होने की भी उम्मीद की जा रही है।

आरोपी पिता से पूछताछ में सामने आया कि गृह क्लेश के कारण पत्नी एक महीने से पीहर गई हुई है। उसके ससुराल वाले भी केस करने की कह रहे थे। घर में तनाव चल रहा था। वहीं पुलिस यह भी जांच कर रही है कि बच्चे की मौत के बाद शव फेंका या उसकी हत्या की गई। फिलहाल पुलिस की ओर से सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। जल्द ही पूरे मामले से खुलासा किया जाएगा।

**बोरवेल में 90 फीट की गहराई में फंसा है बच्चा**

खुली मजदूरी करने वाला ललित सैनी शराब पीने का आदी है। पिछले दिनों रात के समय ललित ने अपनी पत्नी को बेहरमी से पीटा था। आस-पड़ोस के लोगों के बीच-बचाव करने पर उसकी जान बची थी। इसके बाद वह बच्चों को छोड़कर अपनी पीहर चली गई थी। बोरवेल में 90 फीट की गहराई में बच्चा राम मिल गया है। ललित ने बच्चे को फेंकने के बाद ऊपर से मिट्टी डाल दी थी। इसके कारण बोरवेल में फंस गया। पहला देसी जुगाड़ फेल होने पर बच्चे को निकालने के लिए दूसरा जुगाड़ लगाया जा रहा है। इसमें लोहे के हुकदार क्लिप को बोरवेल में डालकर बच्चे को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। 8 इंची बोरवेल में फंसे बच्चे को निकालने के लिए 40 से 50 लोगों की एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस टीम लगी है।

## सम्पादकीय

# जगदीप धनखड़ ने जो टेंशन ममता बनर्जी को दी थी वही मोदी को भी देने चले थे

वह भाजपा, जो कभी ममता बनर्जी द्वारा लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करती थी, अब खुद वैसी ही स्थिति में आ गई थी। अब धनखड़ अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जा रहे हैं, सविधान का मनमाना अर्थ निकाल रहे हैं, जैसे पुराने आरोप नए संदर्भ में भाजपा की तरफ से सुनाई देने लगे थे। जगदीप धनखड़ का राजनीतिक सफर भारतीय लोकतंत्र में सत्ता और संवैधानिक दायित्वों के टकराव का एक दिलचस्प उदाहरण बन गया है। पहले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में और फिर उपराष्ट्रपति के रूप में उनका कार्यकाल राजनीतिक विवादों और विचारधारात्मक टकरावों से भरा रहा। 2019 में जब जगदीप धनखड़ को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया गया, तब से ही उनका कार्यकाल ममता बनर्जी सरकार के साथ लगातार टकरावों से भरा रहा। वह विधानसभा की कार्यवाही से लेकर विश्वविद्यालयों के संचालन तक, हर मोर्चे पर राज्य सरकार पर सवाल उठाते रहे। उन्होंने ममता सरकार की नीतियों और प्रशासनिक फैसलों पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणियाँ की थीं। यह सब राज्यपाल के संवैधानिक व्यवहार से भिन्न था। धनखड़ राज्यपाल रहते हुए बार-बार पश्चिम बंगाल सरकार पर संवैधानिक उल्लंघन, प्रशासनिक पारदर्शिता की कमी और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाते रहे। ममता बनर्जी ने इस पर पलटवार करते हुए उन्हें बीजेपी का एजेंट कहा और यह आरोप लगाया कि वह अपने संवैधानिक दायरे से बाहर जाकर काम कर रहे हैं। मगर तब भाजपा और केंद्र सरकार ने हर बार धनखड़ का खुला बचाव किया और ममता बनर्जी की नाराज़गी को राजनीतिक दुर्भावना बताया था। 2022 में जब जगदीप धनखड़ देश के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति बने तो यह भाजपा के लिए एक रणनीतिक जीत मानी गई, क्योंकि पार्टी राज्यसभा में एक सख्त और केंद्र के अनुकूल संचालनकर्ता की उम्मीद कर रही थी। लेकिन कुछ ही समय में यह स्पष्ट होने लगा कि धनखड़ इस भूमिका को केवल एक औपचारिक दायरे तक सीमित नहीं रखना चाहते थे। उन्होंने राज्यसभा की गरिमा की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने कई बार कार्यवाही में हस्तक्षेप करते हुए भाजपा सदस्यों तक को संयम की सलाह दी। उन्होंने सार्वजनिक मंचों से केंद्रीय मंत्रियों की उपस्थिति में कई ऐसे बयान दिये जोकि सरकार की नीतियों के विपरीत लगते थे। संसद में विपक्ष को बोलने का मौका देने की उनकी प्रतिबद्धता ने भी केंद्र सरकार को असहज किया। जगदीप धनखड़ ने समय-समय पर न्यायपालिका को लेकर भी सार्वजनिक रूप से कई तरह की टिप्पणियां कीं। इससे केंद्र सरकार असहज होने लगी। कई रिपोर्टों में यह भी सामने आया था कि उनकी राय प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्रालय से मेल नहीं खा रही थी। इस सबके चलते वह भाजपा, जो कभी ममता बनर्जी द्वारा लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करती थी, अब खुद वैसी ही स्थिति में आ गई थी। अब धनखड़ अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जा रहे हैं, संविधान का मनमाना अर्थ निकाल रहे हैं, जैसे पुराने आरोप नए संदर्भ में भाजपा की तरफ से सुनाई देने लगे थे। पार्टी के अंदरूनी हलकों से पहले भी इस तरह की खबरें आई थीं कि सरकार और उपराष्ट्रपति के बीच समन्वय नहीं बन पा रहा है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 25 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1411 इस्ले के डोनाल्ड के बलों, आइल्स के भगवान, और अलेक्जेंडर स्टीवर्ट, अर्ल ऑफ मार्च, स्कॉटलैंड के इन्व्वर्यूरी के पास हरलाव की लड़ाई में लड़े।
- 1701 फ्रांसीसी खोजकर्ता एंटोनी डी ला मोटे कैडिलैक ने फोर्ट पोंकार्ट्रेन डु ड्यूट्रोइट की स्थापना की, जो बाद में डेट्रायट शहर में विकसित हुई ।
- 1701 किले पोन्ट्छार्ट्रेन नामक एक फ्रांसीसी ने एम्पोरियम को स्थापित किया।
- 1715 1715 खजाना बेड़े- जनरल डॉन जुआन यूबीला के तहत 10 जहाजों पर एक स्पेनिश खजाना स्पेन से हवाना, क्यूबा गया, सात दिनों बाद, उनमें से नौ फ्लोरिडा के तट पर एक तूफान में डूब गया और कुछ खजाना बाद में पाया गया।
- 1758 अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन उत्तरी अमेरिका की पहली असेंबली वर्जीनिया हाउस ऑफ बर्जेसेज में शामिल हुए।
- 1783 जॉर्जिया के रूस के रक्षक के रूप में स्थापित करते हुए, किंगडम ऑफ कार्तली-काकेटी और रूसी साम्राज्य ने जॉर्जियोव्स्क की संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1783 जॉर्जिया को रूस का संरक्षक बनाया गया।
- 1797 होराटियो नेल्सन सांता क्रूज़ की लड़ाई में घायल हो गया, जिसमे उसने अपना एक हाथ खो दिया।
- 1823 चिली में दास प्रथा को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया गया।
- 1830 चिली में दास प्रथा समाप्त कर दी गई।
- 1834 पुर्तगाल में लिबरल युद्ध समाप्त हुआ।
- 1870 अमेरिका में पहली अंतरदेशीय रेल सेवा की शुरुआत हुई।
- 1910 ओटोमन बलों ने 1910 के ऑलबानियन विद्रोह को शांत करने के लिए शकोदर शहर पर कब्जा कर लिया।
- 1915 सेंट्रल शिकागो में एक स्टीमर ईस्टलैंड की वजह से 844 लोगों की जान गयी।
- 1915 यात्री जहाज एसएस ईस्टलैंड ने शिकागो नदी को एक डॉकिन से बांधते हुए लुढ़का, 844 यात्रियों और चालक दल को मार डाला, महान झीलों पर एक एकल जहाज से सबसे बड़ा लॉसफॉस जीवन आपदा।
- 1923 लॉज़ेन की संधि को ओटोमन साम्राज्य के विभाजन के लिए एनाटोलियन पार्टोफ़ का निपटान करने के लिए हस्ताक्षर किया गया था, जिससे सीमा आधुनिक तुर्की की स्थापना हुई।
- 1929 फ्रांसीसी प्रधान मंत्री रेमंड पोंकारे ने इस्तीफा देने के बाद अरिस्तैड ब्रेंड को इसका उत्तराधिकारी बनाया गया।
- 1938 जर्मन-ऑस्ट्रियाई टीम की संयुक्त टीम एगर के उत्तरी चेहरे पर चढ़ाई करने वाली पहली टीम बन गई, जो एल्प्स के छह महान उत्तरी चेहरों में से एक है।
- 1941 उत्तर यूरोपीय देश लिथुनिया में सम्पूर्ण यहूदी आबादी की नाजियों ने हत्या की।
- 1943 द्वितीय विश्व युद्ध-आरएएफ बॉम्बर कमांड ने ऑपरेशन गोमोराह शुरू किया, जो जर्मनी के हैम्बर्ग का रणनीतिक बमबारी था, अंततः कम से कम 50,000 लोग मारे गए और एक लाख से अधिक लोग बेघर हो गए।
- 1944 300 लड़ाकू विमानों ने जर्मनी पर बम गिराए।

विशेष आलेख

# कर्नाटक का 'रोहित वेमुला विधेयक 2025' हिन्दुओं को बाँटने की साजिश तो नहीं!



रामस्वरूप रावतसरे

**जानकारों की माने तो इस कानून से एक तरह से सामान्य श्रेणी के छात्रों को रंजिश में एससी,एसटी, ओबीसी या अल्पसंख्यक समुदाय का कोई भी व्यक्ति बड़े आराम से जेल भिजवा सकता है। जब तक व्यक्ति निर्दोष साबित नहीं हो जाता तब तक वो दोषी ही माना जाएगा। इससे भी बड़ी विडंबना ये है कि आरोपित के साथ-साथ उस व्यक्ति को भी इस एक्ट के तहत जेल हो सकती है जिसने आरोपित की मदद की हो, उकसाया हो या फिर वो भी जिसने रोकने की कोशिश नहीं की।**

कर्नाटक में सिद्दारमैया सरकार आगामी मानसून सत्र में 'रोहित वेमुला विधेयक 2025' को पेश करने की पूरी तैयारी कर चुकी है। राहुल गाँधी के 'हुक्म' के बाद कर्नाटक सरकार ने छात्रों के बीच एससी,एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय को 'अन्याय से बचाने' का बीड़ा उठाया है। रोहित वेमुला विधेयक का उद्देश्य कथित तौर पर उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के साथ होने वाले जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न को रोकना बताया जा रहा है।

इस विधेयक का नाम हैदराबाद विश्वविद्यालय के पीएचडी छात्र रोहित वेमुला के नाम पर रखा गया है। 17 जनवरी 2016 को रोहित ने आत्महत्या कर ली थी। उसकी आत्महत्या के बाद पूरे देश में जातिगत भेदभाव को लेकर काफी आक्रोश सामने देखने को मिला था। हालाँकि बाद में यह बात जरूर साफ हुई कि रोहित वेमुला असल में दलित समुदाय से था ही नहीं।

कर्नाटक सरकार ने इस विधेयक को राज्य के सभी सरकारी, निजी और डीम्ड विश्वविद्यालयों में लागू करने की बात कही है। इसके तहत सामान्य कैटेगरी के छात्रों को छोड़कर बाकी सभी के लिए, यानी एससी,एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय को अन्याय से बचाने की बात कह कानून बनाए गए हैं। बिल में किसी भी तरह के भेदभाव को गैर-जमानती और संगीन अपराध माना गया है। इसमें पहली बार दोषी पाए जाने पर 1 साल की जेल और 10,000 जुर्माना और दोबारा अपराध पर 3 साल की जेल और 1 लाख जुर्माना का प्रावधान है। साथ ही, दोषी संस्थानों को राज्य सरकार से वित्तीय सहायता नहीं मिलेगी और पीड़ित को सीधे मुआवजा देने की व्यवस्था भी की गई है। बिल के तहत कोई भी पीड़ित या फिर उसके परिवार का व्यक्ति सीधे पुलिस में शिकायत दर्ज कर सकता है और बिना किसी सबूत के आरोप लगाया जा सकता है। दोषी पाए जाने पर आरोपित को 1 लाख रुपए तक का मुआवजा देना पड़ेगा।

जानकारों की माने तो इस कानून से एक तरह से सामान्य श्रेणी के छात्रों को रंजिश में एससी,एसटी, ओबीसी या अल्पसंख्यक समुदाय का कोई भी व्यक्ति बड़े आराम से जेल भिजवा सकता है। जब तक व्यक्ति निर्दोष साबित नहीं हो जाता तब तक वो दोषी ही माना जाएगा। इससे भी बड़ी विडंबना ये है कि आरोपित के साथ-साथ उस व्यक्ति को भी इस एक्ट के तहत जेल हो सकती है जिसने आरोपित की मदद की हो, उकसाया हो या फिर वो भी जिसने रोकने की कोशिश नहीं की।

सोशल मीडिया पर जानकार इसे एक संस्थागत उत्पीड़न बताया है। उनका कहना है कि इसे 'सामाजिक न्याय' की चाशनी में लपेटकर परोसा जा रहा है। कई विश्लेषक ये भी कह रहे हैं कि जब इसी तरह का एससी,एसटी एक्ट इस वर्ग को संरक्षण देने के लिए पहले से ही मौजूद है तो फिर इस तरह का एक्ट थोप कर संस्थानों के माहौल में द्वेष भरने की क्या आवश्यकता है?

कर्नाटक सरकार ने रोहित वेमुला के नाम पर दलित विधेयक बना दिया गया, जबकि रोहित असल में दलित था ही नहीं। अब इस पर लोग सवाल भी उठा रहे हैं। 2017 में आंध्र प्रदेश सरकार ने रोहित का अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र रद्द कर दिया था और कहा था कि वह ओबीसी वर्ग से हैं ऐसे में शेड्यूल कास्ट का प्रमाण पत्र धोखाधड़ी से बनवाया गया। इसके लिए तेलंगाना पुलिस ने भी 3 मई 2024 को हाई कोर्ट में एक क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी। इसमें बताया गया था कि रोहित वेमुला एससी श्रेणी से नहीं था और उसने आत्महत्या इसलिए की क्योंकि उसे अपनी जाति की सच्चाई के उजागर होने का डर था। क्लोजर रिपोर्ट में यह बात भी सामने आई थी कि उनकी मृत्यु के लिए कोई भी व्यक्ति या संस्थान जिम्मेदार नहीं था। रोहित वेमुला के माता-पिता ने भी इस बात को स्पष्ट किया है कि वह एससी,एसटी, समुदाय से नहीं बल्कि वेद्देरा जाति से आते हैं। रोहित के पिता ने यह तक भी कहा था कि उनके बेटे की हत्या हुई थी और वामपंथी समूह ने रोहित की मौत का इस्तेमाल मोदी सरकार के खिलाफ माहौल बनाने के लिए किया।

जानकारों की माने तो रोहित की मौत के बाद शुरुआत में उसे दलित बताया गया। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने वामपंथी मीडिया और प्रोपेगेंडा पोर्टल्स के साथ मिलकर जातिगत भेदभाव का मुद्दा उठाया और मोदी सरकार पर निचली जातियों को दबाने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी ने 16 अप्रैल 2025 को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखा और कहा कि कॉलेज और विश्वविद्यालयों में 'रोहित वेमुला अधिनियम' लेकर आया जाए ताकि जातिगत भेदभाव समाप्त हो सके। यह माँग तब आई जब उन्होंने संसद में दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदाय के छात्रों और शिक्षकों से मुलाकात की और कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव होता है। इसके बाद कर्नाटक सरकार ने मानसून सत्र में रोहित वेमुला एक्ट को पेश करने की घोषणा भी की कर दी।

जानकारों का तो यहां तक कहना है कि सामाजिक न्याय की आड़ लेकर इस बिल में जिन-जिन वर्गों को शामिल किया गया है वो असल में कॉन्ग्रेस की अहिन्दा वोट बैंक की राजनीति का एक हिस्सा है। कॉन्ग्रेस की रणनीति कर्नाटक में हमेशा से 'अहिन्दा' यानी अल्पसंख्यक, ओबीसी और दलित वोटबैंक को मजबूत करने को लेकर सामने दिखी है। 'अहिन्दा' शब्द सबसे पहले कॉन्ग्रेस के नेता देवराज उर्स ने दिया था।

# न्यायालय की चेतावनी और समाज का आईना



डॉ. सत्यवान सौरभ

**हाल ही में हरियाणा के एक चर्चित केस में अदालत ने स्पष्ट कहा – हरियाणा में लव जिहाद नामक आंदोलन चल रहा है, जबकि यह शब्द किसी भी वैधानिक दस्तावेज़ में मान्यता प्राप्त नहीं। इस एक टिप्पणी ने हमें आईना दिखा दिया कि कैसे हम एक ऐसी अवधारणा के पीछे दौड़ रहे हैं, जिसकी जड़ें सच्चाई में कम और सियासत में अधिक गहराई से जुड़ी हैं। कोर्ट ने कहा कि समाज में लव जिहाद के नाम पर एक तरह का भावनात्मक आंदोलन शुरू हो गया है, जिसमें तथ्यों और साक्ष्यों को ताक पर रखकर केवल आरोपों के आधार पर पूरे समुदायों को कटघरे में खड़ा कर दिया जाता है।**

लव जिहाद एक ऐसा शब्द जो न तो भारतीय क़ानून में परिभाषित है, न संविधान में मान्यता प्राप्त, लेकिन फिर भी राजनीतिक मंचों, टीवी डिबेट्स और सड़कों पर सुनाई देने लगा है। अब यह बहस हरियाणा तक भी पहुँच चुकी है, और अदालतों तक भी।

हाल ही में हरियाणा के एक चर्चित केस में अदालत ने स्पष्ट कहा — हरियाणा में लव जिहाद नामक आंदोलन चल रहा है, जबकि यह शब्द किसी भी वैधानिक दस्तावेज़ में मान्यता प्राप्त नहीं। इस एक टिप्पणी ने हमें आईना दिखा दिया कि कैसे हम एक ऐसी अवधारणा के पीछे दौड़ रहे हैं, जिसकी जड़ें सच्चाई में कम और सियासत में अधिक गहराई से जुड़ी हैं। कोर्ट ने कहा कि समाज में लव जिहाद के नाम पर एक तरह का भावनात्मक आंदोलन शुरू हो गया है, जिसमें तथ्यों और साक्ष्यों को ताक पर रखकर केवल आरोपों के आधार पर पूरे समुदायों को कटघरे में खड़ा कर दिया जाता है।

यह टिप्पणी एक ऐसे केस में आई जहाँ एक युवती ने एक मुस्लिम युवक पर धोखे से शादी का झांसा देकर यौन संबंध बनाने का आरोप लगाया था। मामला बेहद संवेदनशील था क्योंकि युवती नाबालिग थी, और लड़के पर धर्म बदलवाने के लिए दबाव डालने का आरोप भी लगा। लेकिन कोर्ट ने पूरी गवाहियों और तथ्यों के विश्लेषण के बाद पाया कि आरोपों और वास्तविकता में बड़ा अंतर था। अदालत ने यह भी साफ किया कि किसी रिश्ते के टूटने या उसमें धोखे की संभावना को धार्मिक षड्यंत्र में बदल देना न केवल न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि सामाजिक सौहार्द के लिए भी घातक है।

यह शब्द मूलतः कुछ दक्षिणपंथी संगठनों द्वारा प्रचारित किया गया, जिसमें यह दावा किया गया कि मुस्लिम युवक योजनाबद्ध रूप से हिन्दू लड़कियों को प्रेमजाल में फँसाकर उनका धर्मांतरण कर रहे हैं। हालाँकि, अब तक न तो कोई राष्ट्रीय जाँच एजेंसी, न ही कोई न्यायालय इस शब्द को सिद्ध कर पाया है। यह केवल एक भावनात्मक, धार्मिक और सांप्रदायिक डर की उपज है, जिसका कोई संवैधानिक आधार नहीं है।

फिर भी, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा और कुछ अन्य राज्यों में इस शब्द के आधार पर विशेष कानून बनाए गए हैं, जो विवाह के नाम पर धर्मांतरण को अपराध घोषित करते हैं। लेकिन इन कानूनों की आलोचना भी होती है क्योंकि अक्सर इन्हें प्रेम-विवाहों और अंतरधार्मिक संबंधों को निशाना बनाने के लिए इस्तेमाल किया गया है।

समाज की विडंबना देखिए जहाँ एक ओर हम लव मैरिज, सेक्युलरिज़्म, स्वतंत्रता की बातें करते हैं, वहीं दूसरी ओर जब दो अलग धर्मों के युवक-युवती प्रेम करें, तो उन्हें शक की नज़र से देखा जाता है।

क्या प्रेम को मज़हब के चश्मे से देखना सही है?

क्या हर मुस्लिम लड़का जो हिन्दू लड़की से प्रेम करे, वह जिहाद कर रहा है?क्या हम इतने असहिष्णु हो गए हैं कि अब प्रेम भी जाति, धर्म और पंथ का गुलाम हो गया है?

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं मेरी छोटी बहन सुमन चौधरी जोकि नगर निगम क्षेत्र की वार्ड पार्षद भी हैं। इनका जन्म भरतपुर जिले के एक छोटे से गांव खुर्रमपुर के किसान परिवार में हुआ शुरुआती शिक्षा तीसरी क्लास तक गांव के सरकारी स्कूल में हुई उसके बाद की शिक्षा अलवर जिले के गंज खेरली कस्बे में प्राइवेट व सरकारी सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल में हुई । शिक्षा के दौरान ही आठवीं क्लास में स्काउट गाइड में रही तथा 9 क्लास में वॉलीबॉल की प्लेयर रही और स्टेट तक खेलीं तत्पश्चात सन 2001में अलवर में मध्यम वर्गीय परिवार में शादी हुई 2004 में नगर परिषद का निर्दलीय चुनाव लड़ी जिसमें मात्र 29 वोट से चुनाव हार गई लेकिन जनता की सेवा में पूरे समय लगी रही। मात्र 29 वोट की हार हार नहीं बल्कि जीत ही मानी जाती है। ऐसे में वार्ड वासियों के प्रेम और सहयोग को दरकिनार नहीं किया बल्कि उनके हक के लिए सैदव तत्पर व तैयार नजर आई। उसके बाद राजनीति में लगातार सक्रिय रही 2009 में पति सीताराम चौधरी भारतीय जनता पार्टी से पार्षद बने और भाजपा के युवा मोर्चा के शहर अध्यक्ष भी बने उसके बाद इन्हे भी 2016 में महिला मोर्चा से शहर की अध्यक्ष बनाया गया। 2018 में सर्व समाज की प्रदेश अध्यक्ष रही उसके बाद वार्ड नंबर-24 के सन 2022 में उपचुनाव में पार्षद निर्वाचित हुई।



सुमन चौधरी
( वार्ड पार्षद )

जनता की सेवा को समर्पण के रूप में स्वीकार करने वाली बेहद अपनापन रखने वाली लीडर के रूप में जानी जाती हैं। जनता के लिए पेयजल की लड़ाई में लगातार संघर्ष किया और अपने क्षेत्र की जनता को पानी उपलब्ध करवाया। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम आपके उज्वल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## संस्मरण

# विश्व पटल पर भारतीय रंगमंच को स्थापित कर गये रतन

23 जुलाई, 2025 को रंगमंच की दुनिया एक अनमोल सितारे के बुझने से शोकाकुल हो उठी। रतन थियाम, वह दूरदर्शी नाटककार, निर्देशक और सांस्कृतिक दीपक, जिन्होंने 77 वर्ष की आयु में इम्फाल के रिम्स अस्पताल में अंतिम प्रणाम लिया।रतन थियम चले गए। दादा 23 जुलाई, 2025 को गए। मणिपुर रो रहा है। शांति की बात उन्होंने की। उनका रंगमंच चमका। वे कहते थे- रंगमंच हमारी आत्मा है। रचनात्मकता के हथियारों से युद्ध के खिलाफ युद्ध लड़ने वाला योद्धा नहीं रहा। अशांत मणिपुर को शांति का संदेश देते देते खामोश हो गये रतन थियम। रतन थियम भारतीय रंगमंच के एक विशाल पर्वत थे। उन्होंने मणिपुरी परंपराओं को विश्व के साथ जोड़ा। उनकी रचनाएँ—महाभारत त्रयी (उरुभंगम, चक्रव्यूह, कर्णभरम) और लैरेंबीगी ईशेई—युद्ध, पहचान और शांति पर गहरी सोच रखती थीं। मणिपुर के मैतेई-कुकी झगड़े से वे दुखी थे और शांति की आवाज़ बने। रतन एक रंगकर्मी या निर्देशक भर नहीं, वह रंग वैज्ञानिक थे, जिसने मणिपुर की आत्मा को वैश्विक कैनवास पर उकेरा। उनकी कला आज भी एकता की मिसाल है। उनका जाना भारत और दुनिया को झकझोर रहा है। 23 जुलाई, 2025 को रंगमंच की दुनिया एक अनमोल सितारे के बुझने से शोकाकुल हो उठी। रतन थियाम, वह दूरदर्शी नाटककार, निर्देशक और सांस्कृतिक दीपक, जिन्होंने 77 वर्ष की आयु में इम्फाल के रिम्स अस्पताल में अंतिम प्रणाम लिया। उनका निधन केवल भारतीय रंगमंच के लिए ही नहीं, अपितु वैश्विक मंच के लिए भी एक युग का अंत है, जहां उनके कार्य ने सीमाओं, भाषाओं और संस्कृतियों को लाँघकर मानव आत्मा की सार्वभौमिक पुकार को स्वर दिया। उन्हें केवल रंग कलाकार या निर्देशक कहना उनके अपार प्रतिभा को कमतर आंकना होगा; मैं कहूंगा कि वे एक रंग वैज्ञानिक थे—एक ऐसे महान रसायनज्ञ, जिन्होंने प्राचीन और समकालीन, स्थानीय और सार्वभौमिक, आध्यात्मिक और राजनैतिक तत्वों को सानंदित कर रंगमंच को एक अनुपम प्रयोगशाला बनाया। उनका मंच वह पवित्र स्थल था, जहाँ मणिपुर की परंपराएं, वैश्विक सौंदर्यबोध और मानवीय अनुभवों का कच्चा स्पंदन एक अनुपम सत्य और सौंदर्य के रूप में सानंदित हुआ। 20 जनवरी, 1948 को मणिपुर के इम्फाल में जन्मे रतन थियाम एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे, जिनकी रचनात्मक यात्रा चित्रकला और लेखन से प्रारंभ होकर रंगमंच में अपनी पराकाष्ठा तक पहुँची।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। निर्धारित कार्यों में कम सफलता मिलेगी। आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद, सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

### वृष
लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

### मिथुन
स्नेहीजनों एवं मित्रों से उपहार मिल सकता है। उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि बनी रहेगी। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी।

### कर्क
मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। पानी वाली जगहों तथा अन्य गर्म तरल पदार्थों से सावधान रहें। परिवार या जमीन से संबंधित मामलों पर चर्चा और कहीं जाने की योजना टालें। दुर्घटना से बचें। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

### सिंह
परोपकार के लिए किए काम आपको आंतरिक खुशी देंगे। आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी।

### कन्या
पठन-लेखन जैसी साहित्यिक प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी। परिश्रम का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से थोड़े निराश हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

### तुला
तुला राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में आपकी साख बढ़ेगी और प्रभाव भी मजबूत होगा। एक के बाद एक समस्याएं सुलझेंगी जिससे आत्मबल में वृद्धि होगी। पेट और आंखों की समस्या से सतर्क रहें।

### वृश्चिक
वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा। मनोरंजन या घूमने-फिरने के पीछे पैसे खर्च होंगे। शारीरिक, मानसिक व्यग्रता कम करने के लिए आध्यात्मिकता सहायक साबित होगी।

### धनु
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

### मकर
पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे। अपनी प्रभावशाली वाणी से अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकेंगे।

### कुंभ
नौकरी-धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

### मीन
शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। दोस्तों से लाभ होगा। कार्य सफलता और प्रिय व्यक्ति का साथ आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि की संभावनाएं हैं। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

# जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बटन दबाकर खोले बीसलपुर बांध के गेट

## पहली बार जुलाई में खुले बीसलपुर बांध गेट





बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** बीसलपुर बांध के कैचमेंट एरिया में विगत दिनों में अच्छी बारिश होने के कारण निरंतर पानी की आवक होने से गुरुवार को बांध की भराव क्षमता 315.50 आरएल मीटर पर पहुंचने के बाद सायं 4 बजकर 56 मिनट पर बीसलपुर बांध के गेट नंबर 10 को 1 मीटर खोलकर 6000 क्यूसेक पानी की निकासी की गई।

इस अवसर पर देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर, जिला प्रमुख सरोज बंसल, पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा, उप जिला प्रमुख आदेश कंवर, जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, देवली प्रधान बनवारी लाल जाट समेत अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

सभी ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना करने के पश्चात स्काडा सिस्टम के तहत कम्प्यूटराइज्ड तरीके से गेट खोलकर पानी की निकासी शुरू की। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा की बीसलपुर बांध पेयजल की दृष्टि से जयपुर, अजमेर एवं टोंक जिले के लोगों के लिए लाइफ लाइन है। बीसलपुर समेत जिले के लघु, वृहद एवं मध्यम बांधों में पानी की अच्छी आवक होने से लोगों को पेयजल एवं सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिल सकेगा। क्षेत्र में अच्छी फसल का उत्पादन होगा।

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने आमजन से अपील की है कि वह नदी के बहाव क्षेत्र में नहीं जाएं। बीसलपुर बांध के अधीक्षण अभियंता प्रहलाद राय खोईवाल ने बताया कि बीसलपुर बांध के गेट नंबर 10 को एक मीटर खोलकर लगभग 6000 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। यह निकासी बांध में पानी की आवक के अनुरूप ही की जा रही है। इसके बाद समय-समय पर पानी की आवक के आधार पर निकासी या गेट बंद करने का निर्णय लिया जाएगा।

बन गए दो नए रेकॉर्ड

जल संसाधन अधिकारियों के अनुसार बीसलपुर डेम पर शाम 5 बजे गेट संख्या 10 को एक मीटर तक खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। बता दें कि बीसलपुर बांध 8वीं बार ओवरफ्लो हुआ है। बीसलपुर बांध ने लगातार दूसरे साल छलकने का रेकॉर्ड बनाया है। बड़ी बात ये है कि बीसलपुर बांध ने पहली बार जुलाई महीने में ओवरफ्लो होने के साथ ही इतिहास रच दिया है।

### ग्रामीणों में खुशी की लहर

बीसलपुर बांध के गेट खुलने से पहले लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। डेम के गेट खुलने की खुशी में लोगों ने नाच-गाकर खुशी का इजहार किया। राजमहल निवासी मनीष शर्मा ने बताया कि इस बार लगातार दूसरे साल डेम से पानी की निकासी होने से किसानों को फसलों के लिए भरपूर पानी मिल सकेगा। जिससे किसानों को अच्छी पैदावार मिल सकेगी।

### बीसलपुर डेम अब तक 8 बार छलका

2004 में निर्माण के बाद पहली बार गेट खुले

2006 में दूसरी बार छलका बांध

2014 में तीसरी बार खोले गए गेट

2016 में भी बांध के खुले गेट

2019 में बांध के 17 गेट खोले

2022 में भी छलका बांध

2024 में सातवीं बार छलका डेम

2025 में आठवीं बार छलेका बांध

# सीसीटीएनएस योजना में उत्कृष्ट कार्य के लिए कांस्टेबल मोहम्मद आरिफ सम्मानित

## इमरान अली देशवाली ने दी शुभकामनाएं



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** राजस्थान पुलिस मुख्यालय, जयपुर की एससीआरबी (स्टेट क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो) शाखा द्वारा जिला टोंक में सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स) सहित पुलिस की बहुआयामी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाने वाले कांस्टेबल मोहम्मद आरिफ को प्रशंसा पत्र एवं 501 रुपये नकद देकर सम्मानित किया गया।कांस्टेबल मोहम्मद आरिफ, जो वर्तमान में पुलिस अधीक्षक कार्यालय टोंक की प्रशिक्षण शाखा में कार्यरत हैं, ने टोंक जिले के समस्त पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को राजकॉप एप इंस्टॉलेशन, रिकॉर्ड अनमर्ज की मर्जिंग, एमडीएम इंस्टॉलेशन, केस डायरी, किता, आईआरएडी जैसे महत्वपूर्ण तकनीकी पहलुओं का प्रशिक्षण देकर पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्धारित टास्क को सफलतापूर्वक पूर्ण करवाया।आरिफ की इस उपलब्धि पर ग्राम गणेशपुरा (पो. मुंडिया कला, तहसील टोडारायसिंह, जिला टोंक) के लोग गौरव महसूस कर रहे हैं। उनके इस सम्मान पर इमरान अली देशवाली ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राजस्थान पुलिस में तकनीकी दक्षता और प्रशिक्षण के क्षेत्र में यह सम्मान प्रेरणास्त्रोत है। कांस्टेबल मोहम्मद आरिफ का यह समर्पण निश्चित रूप से अन्य पुलिसकर्मियों को भी अपने कर्तव्यों के प्रति प्रोत्साहित करेगा।

# हरियालो राजस्थानः सवाई माधोपुर में अब तक 8 लाख से अधिक पौधारोपण

## लक्ष्य 20 लाख से अधिक पौधे लगाने का



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ माँ के नाम संकल्प से प्रेरित राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ हरियालो राजस्थान अभियान जिले में पर्यावरण संरक्षण का सशक्त जनआंदोलन बनता जा रहा है।जिला कलक्टर काना राम ने बताया कि जिले में विभिन्न विभागों को 20 लाख से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें अब तक 8 लाख से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं और उन्हें 'हरियालो राजस्थान' मोबाइल ऐप पर अपलोड किया गया है। अभियान के तहत नागरिक अपने परिजनों की स्मृति में पौधे लगाकर पर्यावरण के प्रति योगदान दे रहे हैं। पंचायतीराज विभाग ने अब तक 3.44 लाख, शिक्षा विभाग ने 91 हजार से अधिक, जल संसाधन विभाग ने 13 हजार 468, सार्वजनिक निर्माण विभाग ने 11 हजार 705, तथा कृषि विभाग ने 49 हजार 905 पौधे रोपित किए हैं। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने भी 25 हजार से अधिक पौधारोपण कर डिजिटल रूप से रिकॉर्ड किया है।हरियाली तीज के अवसर पर एक ही दिन में होगा 9 लाख से अधिक पौधारोपण शहरी स्थानीय निकाय (नगर परिषद/पालिका) को 1 लाख 20 हजार पौधे , चिकित्सा विभाग को 80 हजार पौधे, महिला एवं बाल विकास विभाग को 20 हजार पौधे, राजीविका को 1 लाख पौधे, विद्युत को 30 हजार पौधे, जलग्रहण विभाग को 50 हजार पौधे,, खनिज विभाग को 30 हजार पौधे, पुलिस विभाग को 30 हजार पौधे, राजस्व को 30 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया। हरियाली तीज के अवसर पर 27 जुलाई को जिले में एक ही दिन में 9 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे।

# सवाई माधोपुर पंचायत समिति में योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक

## विकास कार्यों में गति तेज लाएं

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद मीना की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में सांसद कोष, विधायक कोष एवं डांग क्षेत्र विकास योजना से संबंधित लंबित समायोजन मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उनके समाधान हेतु कैम्प का आयोजन भी किया गया।विकास अधिकारी ने 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान के अंतर्गत जलभराव बिंदुओं की मैपिंग करने तथा पेंशन लाभार्थियों का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।उन्होंने पंडित दीनदयाल गरीबी मुक्त योजना के लाभार्थियों को समस्त योजनाओं में प्राथमिकता से शामिल करने, डांग योजना के प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर भेजने तथा सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। साथ ही स्वामित्व योजना के अंतर्गत लंबित पट्टों का शीघ्र वितरण करने तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के ग्राम पंचायत स्तर के लंबित प्रस्तावों को प्राथमिकता से तैयार कर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। विकास अधिकारी ने सभी उपस्थित कार्मिकों को लक्ष्यानुसार कार्यों की समयबद्ध पूर्ति के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में सभी ग्राम विकास अधिकारी, योजना प्रभारी एवं कनिष्ठ सहायक उपस्थित रहे।

# एक अगस्त से शुरू होगा विशाल भण्डारा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** उपखंड के ग्राम सोहेला मे बाबा रामदेव सेवा समिति के तत्वावधान में पदयात्रियों की सुविधाओं के लिए आयोजित भण्डारे को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से 1 अगस्त से भंडारा शुरू करने का निर्णय लिया। भंडारा समिति के सदस्य बंशीलाल बैरवा ने बताया कि भंडारे का शुभारंभ बाबा रामदेवजी मंदिर से शुक्रवार को सुबह शुभ मूहुर्त में गाजे बाजे व डिजे की धुन पर मंगल कलश यात्रा के साथ बिन्दोरी निकालकर किया जाएगा। जिसमे कच्ची घोडी नृत्य व बाबा रामदेवजी की झांकी के साथ कलशयात्रा भंडारा स्थल पर पहुंचेगी। वहां रामदेव जी महाराज की झाकी की स्थापना करके मंगल आरती व प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### राइजिंग राजस्थान एमओयू प्रकरणों की समीक्षा बैठक

# अधिकारी एमओयू को शीघ्र धरातल पर लाएं- कानाराम



बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत सवाई माधोपुर जिले में संपादित निवेश प्रस्तावों (एमओयू) एवं रिप्स निति की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक गुरुवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि एमओयू की क्रियान्विति में तेजी लाने हेतु सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। इस अवसर पर प्रतिभागियों को उद्योग स्थापना से जुड़ी प्रक्रियाओं, आवश्यक दस्तावेजों, उद्योग पंजीकरण, एनओसी व प्रमाण पत्रों से संबंधित प्रक्रियाओं अवरोधों के निस्तारण हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन संबंधित विभागाध्यक्षों एवं जिला कलक्टर कार्यालय को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि आवंटन, कनवर्जन, विद्युत आपूर्ति, एनओसी इत्यादि से जुड़े प्रकरणों का प्राथमिकता से समाधान करें!

उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की मंशा है कि सभी निवेश प्रस्ताव धरातल पर मूर्त रूप लें। ऐसे प्रस्ताव जिनकी संभावनाएं न्यूनतम हैं, उन्हें स्टेट नोडल के समन्वय से निरस्त करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जाए।

बैठक में महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र सुग्रीव मीना ने एमओयू की विभागवार स्थिति की जानकारी दी एवं क्षेत्रीय निवेश को गति देने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना रिप्स के अन्तर्गत 21 स्टाम्प ड्यूटी, भूमि रूपांतरण का अनुमोदन किया गया एवं मैसर्स केशव फ्रेश लिमिटेड वजीरपुर, श्रीजी नमकीन उद्योग, याशिका इंडस्ट्रीज से संबंधित निवेश अनुदान, इलेक्ट्रीसिटी बिल छूट, मण्डी शुल्क माफ, रोजगार सृजन अनुदान, ब्याज अनुदान हेतु पात्रता प्रमाण पत्र जारी किए गए।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, रिको के क्षेत्रीय प्रबंधक जी.एस. मीना, उप निदेशक पर्यटन मधुसूदन सिंह, उप निदेशक उद्यान डॉ. हेमराज मीना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं निवेशक उपस्थित रहे।

# पूर्व उप मुख्यमंत्री व टोंक विधायक पायलट से कार्यकर्ताओं ने की जन समस्याओं पर चर्चा

## कार्यकर्ताओं ने गमछा व पौधा भेंट करके किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** पूर्व उप मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट का विधानसभा क्षेत्र टोंक के दौरे के दौरान कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया एवं जन समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पायलट का स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस पीसीसी सदस्य ब्रह्मप्रकाश गुर्जर, रामू गुर्जर, विक्रमसिंह गुर्जर, पप्पू मीणा, हीरा गुर्जर, कैलाश मीणा, प्रशांत गुर्जर, राधेश्याम शर्मा, दयाराम चैधरी, राजूलाल गुर्जर व गिर्राज गुर्जर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। इसी प्रकार गांव गुड्डा आनंदपुरा, रजवास व बरथल तिराहे पर टोंक विधायक व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का पूर्व वार्ड पंच सूरज गुर्जर, विनोद गुर्जर, कालूराम गुर्जर, रामस्वरूप गुर्जर, देवनारायण, गोपीचंद व सतवीर सहित कई कार्यकर्ताओं ने गमछा व पौधा भेंट करके माला व साफा पहनाकर स्वागत किया एवं जन समस्याओं पर चर्चा की।

# कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से बाहर न रहें -मुख्य निर्वाचन अधिकारी

### एसआईआर कार्यक्रम की तैयारियां, भरतपुर संभाग व सिरोही के साथ बैठक



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/जयपुर (राकेश शर्मा)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी समय में प्रस्तावित फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न, ैस्) एवं अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यों की तैयारियों को लेकर गुरुवार को शासन सचिवालय में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान भरतपुर संभाग के संभागीय आयुक्त व सभी 5 जिला निर्वाचन अधिकारी सहित सिरोही जिले के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अधीनस्थ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिविज़न) कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूचियों का शोधन और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक अपने मताधिकार का सही तरीके से प्रयोग कर सके। उन्होंने निर्देश दिए कि नए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित करवाया जाए। महाजन ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि अभियान का मूल उद्देश्य प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि रैंडम चेकिंग के लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रहे! मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक मानव संसाधनों की समय रहते नियुक्ति कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी बीएलओ का पद रिक्त न रहे।

# सिरस में चिकित्सक सहित अन्य चिकित्साकर्मियों के पद रिक्त

## रोगियों को हो रही है परेशानी, ग्रामीणों की नहीं हो रही है सुनवाई,ग्रामीणों में भारी आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**सिरस।** राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरस में चिकित्सक सहित अन्य चिकित्सा कर्मियों के पद रिक्त होने से रोगियों को प्राथमिक उपचार के लिए भी बाहर जाना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों में भाारी आक्रोश व्याप्त है। जीएसएस के पूर्वअध्यक्ष श्यामलाल योगी, सरपंच शिवजीराम जाट, पूर्व उपसरपंच कैलाश प्रजापत, देवेंद्र चौधरी, परमेश्वर योगी, रामभजन जोगी व शिवचरण योगी सहित कई ग्रामीणों ने बताया की सिरस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सिरस सहित दर्जनों गांव के रोगी प्राथमिक उपचार करवाने के लिए आते हैं। स्वास्थ्य केंद्र पर लंबे समय से चिकित्सक का पद रिक्त है। चिकित्सक के अभाव में रोगियों को प्राथमिक उपचार के लिए भी करीब 30-40 किलोमीटर दूर निवाई या टोंक जाना पड़ता है। क्षेत्र के लोगों को लंबी दूरी तय करके उपचार के लिए बाहर जाने में समस्या बनी हुई है। लोगों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक लगवाने के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों व उच्च अधिकारियों को अवगत करने के बाद भी कोई ध्यान नहीं देने से लोगों में नाराजगी बनी हुई है। ग्रामीणों ने राज्य की चिकित्सा मंत्री को पत्र भेजकर स्वास्थ्य केंद्र पर शीघ्र चिकित्सक नियुक्त करवाने की मांग की है।

# विभिन्न पर्वों को देखते ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** जिला मजिस्ट्रेट कल्पना अग्रवाल ने 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस एवं रक्षाबंधन, 15 को स्वतंत्रता दिवस व थदड़ी, 16 को श्री कृष्ण जन्माष्टमी, 27 को गणेश चतुर्थी एवं 28 अगस्त को सम्वत्सरी के त्यौहारों को देखते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि उपखंड मजिस्ट्रेट टोंक को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट टोंक को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट उनियारा को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट उनियारा को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी तरह उपखंड मजिस्ट्रेट निवाई को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट निवाई को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, उपखंड मजिस्टेव्ट पीपलू को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्टेव्ट पीपलू को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसी तरह उपखंड मजिस्ट्रेट देवली को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट देवली को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट दूनी को संपूर्ण क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट नगरफोर्ट को संपूर्ण क्षेत्र, उपखंड मजिस्ट्रेट टोडारायसिंह को संपूर्ण शहरी क्षेत्र, तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट टोडारायसिंह को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र एवं उपखंड मजिस्ट्रेट मालपुरा को संपूर्ण शहरी क्षेत्र तथा तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट मालपुरा को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र का ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया हैं।

# मॉडल स्कूल के प्राईमरी भवन के विकास पर चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** सदरपुरा रोड स्थित स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल के प्राईमरी भवन में प्रधानाचार्य हंसराज जाट की अध्यक्षता में शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित हुई।

गुरूवार को आयोजित बैठक में स्कूल के प्राईमरी सेक्शन के हेड बृजमोहन माहेश्वरी,शिक्षक रिछपाल चौधरी, रानू जैन, सियाराम गुर्जर व मंजू चौधरी के अलावा अभिभावक मौजुद रहे। बैठक में चर्चा के दौरान जहां एक ओर शिक्षा के स्तर की जानकारी दी वहीं अभिभावको ने अपने विद्यार्थियों के अध्ययन में आ रही समस्याओं के साथ साथ अध्ययन स्तर में सुधार के सुझाव रखे। प्रधानाचार्य हंसराज जाट ने बताया कि मॉडल स्कूल का सम्पूर्ण शाला परिवार उपलब्ध संसाधनो व शिक्षको का बेहतर तरीके से उपयोग कर श्रेष्ठ से श्रेष्ठ अध्ययन करवाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस काम में विद्यालय के सभी शिक्षक कड़ी मेहनत व ईमानदारी के साथ पूर्ण सहयोग प्रदान कर रहे हैं। स्कूल के अध्ययन व विकास के लिए धन की किसी प्रकार की कमी नहीं है। स्कूल को नियमानुसार विकास व श्रेष्ठ अध्ययन सहित संसाधनो के लिए बजट उपलब्ध करवाया जा रहा है। प्राईमरी सेक्शन के हेड बृजमोहन माहेश्वरी ने बताया कि प्राईमरी सेक्शन में उनके सहित पांच शिक्षक कार्यरत है। सभी



मिलकर श्रेष्ठ अध्ययन करवाने के साथ साथ सभी प्रकार का सरकारी कामकाज भी कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले कुछ ही दिनो में अध्ययन कार्य को ओर अधिक श्रेष्ठ करने व विद्यार्थियों के लिए संसाधन जुटाने के लिए प्रयास किए जाएगें। माहेश्वरी ने सुझाव रखा कि मॉडल स्कूल के प्राईमरी स्तर के भवन में कक्षा कक्ष तो पर्याप्त हैं लेकिन कक्षा कक्षो के आगे की छत खुली है। खुली छत होने के चलते छोटे विद्यार्थियों को घूप ओर बारिश से परेशान होना पड़ता है। इस बाबत अभिभावको को विचार करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि प्राईमरी स्तर के सभी विद्यार्थियों के लिए शीध्र पहचान पत्र भी बनाए जाकर वितरित किए जायेगें। पहचान पत्र विद्यार्थियो को दिए जाने के बाद इस बार ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि विद्यार्थी के विद्यालय में आने के उपस्थिति होने के साथ ही अभिभावक के मेसेज चला जाएगा कि विद्यार्थी उपस्थित हो चुका है। जिस पर निर्णय रहा कि प्रत्येक अभिभावक छत पर चद्दर लगाने में जो भी व्यय होगा वह अभिभावक अपने स्तर पर वहन करेगें। इसके लिए अभिभावको की एक कमेटी बनेगी जो मिलकर यह कार्य अपने स्तर पर करवा कर विद्यालय को दान करेगी। अंत में सभी अभिभावको का बैठक में शामिल होकर सुझाव देने व विकास में सहयोग के लिए आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## दुर्लभ सत्संग समिति अलवर के तत्वाधान में भव्य कलश यात्रा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** दुर्लभ सत्संग समिति अलवर के तत्वाधान में आज अयोध्या धाम आश्रम के महंत गंगा दास जी महाराज एवं शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ के.के.गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखा कर कलश यात्रा



एवं ध्वज यात्रा का शुभारम्भ जगन्नाथ जी मंदिर से किया जो सर्राफ बाजार, बजाजा बाजार,होप सर्कस,घंटा घर होते हुए रिवाज रिसोर्ट पहुंचीए जिसमें 300 से अधिक महिलाये कलश लेकर एवं 100 से अधिक पुरुषों ने ध्वज लेकर भाग लिया। यात्रा के दौरान अनेकों संगठन द्वारा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया । यात्रा के दौरान पेय पदार्थए लड्डू और समोसा का वितरण किया गया। दुर्लभ समिति ने अवगत कराया कि दिनाँक 24 जुलाई से 30 जुलाई तक रिवाज रिजॉर्ट में 3ः30 से 4ः30 शाम तक संकीर्तन एवं उसके बाद 4ः30 से 6ः30 शाम तक परम श्रद्धेय स्वामी विजयानंद जी गिरी (ऋषिकेश)के प्रवचनो का लाभ अलवर वासी ले सकेंगे। महाराज जी के कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की भेंट, संत चरण छुना, माला पहनाना, फोटो,वीडियो बनाना वर्जित है।

## काम से बचकर रहना है तो राम के चरणों का ध्यान करो-कथा वाचक शिवम साधक जी महाराज

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** महावर धर्मशाला में चल रही शिव महापुराण की चतुर्थ दिवस में कथा व्यास डॉक्टर शिवम साधक जी महाराज ने सुनाया ब्रह्मा ने कामदेव को बनाया लेकिन इस कामदेव का प्रभाव ब्रह्मा जी के ऊपर पड़ गया और ब्रह्मा जी का मन बिगड़ गया इसलिए काम से बचकर रहना है तो भगवान के चरणों का ध्यान करो यही बताया था । ऐसा करने पर भी ब्रह्मा जी ने कामदेव को श्राप नहीं दिया क्योंकि बुद्धिमान व्यक्ति जिस चीज को बनता है उसे कभी बिगाड़ता नहीं है। ब्रह्मा जी को अभिमान हुआ कि भोले बाबा की समाधि को भंग किया जाए कामदेव को पूरी सेवा के साथ भेजा लेकिन समाधि भंग नहीं हुई भगवान हरि ने कहा ब्रह्मा से की भगवती की आराधना करो तभी शिव की समाधि भंग हो सकती है मां भगवती की आराधना करते हुए मां भगवती से ब्रह्मा जी ने वर



मांगा कि आप सती के रूप में जन्म ले और भगवान शिव की प्रिया बने दक्षिणी विधि तप किया भगवती से निवेदन किया पुत्री बनाकर आप पधारो और सती जी का दक्ष के यहां पर जन्म हुआ और उन्हीं सती का विवाह भगवान शंकर से हुआ भगवान शंकर सती के संग कथा सुनने गए कुंभराज ऋषि के पास सती का कथा में मन नहीं लगा और भ्रम उत्पन्न हो गया और भगवान की परीक्षा लेने की इच्छा उत्पन्न हुई अपनों से बड़ों की परीक्षा लेने का जब मन करे तो समझ लेना विनाश का समय आ गया साथ ही अनेक शिव भक्तों की कथा सुनाते हुए कहा कि गलती से भी शिवजी पर बेलपत्र चढ़ जाए तो भगवान शिव अति शीघ्र प्रसन्न होकर अपने भक्तों पर कृपा करते हैं। आज व्यास पीठ की पूजा अलवर के जाने माने समाजसेवी एवं मित्तल हॉस्पिटल के निदेशक सीनियर फिजिशियन डॉ एस सी मित्तल एवं उनकी धर्म पत्नी अल्का मित्तल ने करी इस मौके पर उनके साथ मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेटर गिरीश गुप्ता उनकी पत्नी यामिनी गुप्ता एवं उनकी माताजी गंगा गुप्ता भी उपस्थित रही । कथा पश्चात महा आरती में सभी भक्तगणों ने बढ़चढकर भाग लिया तदोपरांत सभी भक्तगणों को प्रसाद का वितरण किया गया । कथा के आयोजक मदन लाल गुप्ता गाटर वाले उनकी पत्नी मंजू गुप्ता ए डॉ. मित्तल की माताजी रेशम देवी, डॉ एस सी मित्तल, अल्का मित्तल, मुक्ता मित्तल, सुभाष मित्तल अनिल खंडेलवाल गिरिराज, गंगा गुप्ता, यामिनी गुप्ता, सुनीता जैन,डॉ कुमुद गुप्ता, मंजू पालीवाल, संतोष सुनेजा,सुनीता मित्तल,राजकुमारी, वर्षा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

## स्कूली बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है व्याख्याता विजयलक्ष्मी

### स्कूली बच्चों के लिए बन गई हैं प्रकाश पुंज



बढ़ता राजस्थान

अलवर(रूपक शर्मा) समाज में एक तबका ऐसा है कि जिसके हाथ में समाज का उत्थान व पतन छिपा हुआ है। जी हां शिक्षक एक ऐसी सामाजिक धरोहर है जोकि बच्चों को देशभक्ति व उनके कर्तव्यों के साथ जोड कर समाज को अच्छी दिशाए प्रदान करता है। कुछ लोग ऐसे होते हैं जिन्हे दूसरों के मुस्कुराते चहरे देखने के बाद ही खुद के चहरे पर मुस्कान नजर आती है। ऐसी ही अलवर की धरती पर एक व्याख्याता हैं, राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय, खेरली सैयद, अलवर की इतिहास विषय की व्याख्याता श्रीमती विजयलक्ष्मी जोकि शिक्षा जगत में एक प्रेरणास्त्रोत बन चुकी हैं। उन्होंने न केवल विद्यार्थियों के जीवन को नई ऊर्जा व नया आकार दिया है, बल्कि अपने अंग्रेजी एवं इतिहास विषय के उत्कृष्ट शिक्षण कार्य से जिला एवं राज्य स्तर पर कई प्रतिष्ठित सम्मान भी प्राप्त किए हैं। भामाशाहों को प्रेरित कर स्कूली बच्चों के लिए कभी जर्सी तो कभी यूनिफोंम उपलबध करवाई है ताकि आर्थिक तंगी से बेहाल ग्रामीण स्तर के छात्र भी समाज में शिक्षित हो सकें। पूर्व राष्ट्रपति कलाम साहब ने अपनी एक किताब में कहा भी है ना शिक्षक ही समाज को ऊंचाई तक ले जाने वाली धरोहर है। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को दर्जनों छोटे बड़े सम्मानों के माध्यम से सम्मानित किया गया है। सन 2016 में राज्य स्तरीय टीचर सेमिनार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर तत्कालीन शिक्षा मंत्री वासुदेव देवनानी द्वारा राज्य पुरस्कार प्राप्त किया। 17 फरवरी 2018 को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक पत्र- वाचन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित। सन 2018 में ही 15 अगस्त को अलवर जिला प्रशासन द्वारा सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सन 2019 में पंजाब नेशनल बैंक, अलवर द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में सम्मान प्राप्त हुआ।

एनसीसी कैडेट के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और बेस्ट एंकर का अवार्ड उनके नेतृत्व और वाक्पटुता का प्रमाण है। वे न केवल एक शिक्षिका हैंए बल्कि एक प्रेरणा हैं, एक ऐसा दीपक जो ज्ञान का प्रकाश फैलाते हुए समाज को आलोकित कर रहा है। एक शिक्षक राष्ट्र निर्माण की नींव होता है और श्रीमती विजयलक्ष्मी इस नींव की सशक्त प्रतीक हैं।

# गायों की दुर्दशा या गायों से दुर्दशा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( रूपक शर्मा )।** नगर निगम व गायों की रक्षा का दंभ भरने वाले विभिन्न धार्मिक एवं हिंदुवादी संगठनों द्वारा गायों की सुध नहीं लेने से इन दिनों शहर की सडक़ों पर हर जगह गायों का जमावड़ा लगा हुआ है। सडक़ों पर गायों के जमावड़े से शहर की यातायात व्यवस्था गड़बड़ाई हुई है। वहीं आए दिन इनसे दुपहिया व चौपहिया वाहनों के टकरा जाने से दुर्घटनाएं भी बढ़ ही रही हैं। इसके बावजूद नगर निगम इन गायों को अन्यत्र स्थान पर रखने अथवा छुड़वाने की पूर्ण व्यवस्था नहीं कर रहा है। शहर की ऐसी कौनसी सडक़ या चौराहा है, जिस पर गायों का जमावड़ा देखने को नहीं मिल रहा। यानि हर जगह गायों का जमावड़ा लगा रहता है। शहर में भगतसिंह सर्किल, जेल चौराहा, अंबेडकर सर्किल, बिजली घर चौराहा, नंगली सर्किल, एसएमडी सर्किल तथा जेल चौराहे से मालवीय नगर मुख्य सडक़ मार्ग पर, कंपनी बाग रोड, कंट्रोल रूम, सडक़ नं. 2, घंटाघर सहित विभिन्न स्थानों पर सडक़ों पर गायों के झुंड बैठे रहने से आम राहगीर परेशान है। इसके अलावा भगत सिंह सर्किल से रेलवे ओवरब्रिज तक तथा पुलिया के ऊपर एवं दोनों सब्जी मंडियों में भी गायों के झुंड दिनभर विचरण करते रहते हैं। गायों के झुंड के कारण वाहन चालकों को वाहनों को सडक़ पार कराने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार सडक़ पार करते समय गाये वाहनों से भी टकरा चुकी है। शहर के मुख्य सडक़ मार्ग पर कई बाइक सवार गाय व सांडों से टकरा कर गंभीर घयलावस्था में अस्पताल भी पहुंच चुके हैं।

**आखिर कौन लेगा सुध**

शहर की सडक़ों पर भूखी-प्यासी, दिन भर पॉलिथिनों को चबाती विचरण करने वाली गायों की सुध लेने में न तो नगर निगम न ही हिंदुवादी संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता दिलचस्पी दिखा रहे हैं। इससे गाय माता की बेकद्री हो रही है। सरकार भी इनके प्रति बेपरवाह नजर आ रही है।



### लोग भी समझे जिम्मेदारी

हिंदू संस्कृति के अनुसार हर घर में गाय पालनी चाहिए। लेकिन वर्तमान में केवल कुछ ही घरों में गाय पाली जा रही है। अधिक्तर गौ पालक तो गायों का दुध दुहने के बाद खुला छोड़ देते हैं। जिससे वे भूखी-प्यासी कूड़े-कचरे एवं अन्य सड़ी गली वस्तुओं में मुंह मारती फिरती है। दूध दुहना ही उद्देश्य नहीं होना चाहिए। गौ माता की सेवा करने का भी लोगों को जिम्मा लेना होगा। जिससे गायों की कदर हो सके। शहर के सभी कूडा स्थल पर गायों को कचरा खाते हुए आम तरीके से देखा जा सकता है। गायों की दुर्दशा के लिए कौन जिम्मेदार है। गाय को जहां हिन्दुओं में देवी का रूप दिया है। वहीं आज गौ-माता अपनी दुर्दशा पर रो रही है। शहर के कचरा स्थलों से कचरा व पॉलिथिन खाकर अपना पेट पाल रही गौमाता आज अपने हक के लिए लडखडा रही है। गौवंश की रक्षा की बात करने वाले गौ-रक्षा संगठन भी व हम जैसे धार्मिक लोग मकर सक्रांति को गायों को ढूंढ कर हरा चारा खिलाकर पुण्य कमाने या केवल खबर प्रकाशित करवाने तक ही गायों की देखभाल कर पाते है। ऐसे में शहर में आवांरा घूमती गायें ट्रेफिक व्यवस्था को भी प्रभावित करती है। अब ऐसे में ये समझना मुश्किल हो रखा है कि गायों की दुर्दशा हो रही है या फिर गायों से दुर्दशा हो रही है।

### गायों का गौशाला में रखा जाता है पूरा ख्याल



इधर शहर की सबसे बड़ी और शानदार गौ शाला सार्वजनिक गौशाला के अध्यक्ष व पूर्व नगर परिषद सभापति अजय अग्रवाल का कहना है कि गायों की दुर्दशा करने की अपेक्षा यदि गौ पालकों से वे गायें पाली नहीं जा रही हैं जोकि दूध नहीं देती हैं तो हमारी गौ शाला में छोड़ दें। गौ शाला में गायों को बहुत बेहतरीन तरीके से पाला जाता है। हमारी पूरी टीम गायों की सेवा के लिए कटिबद्ध है। नगर निगम को चाहिए कि कुछ ऐसी व्यवस्था करें ताकि ना गायों की दुर्दशा हो ना गायों से शहर की दुर्दशा हो सके।

# राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर शाखा तिजारा की बैठक आयोजित

## शिक्षकों की गैर शैक्षणिक कार्यों में बढ़ती ड्युटियों पर रोष

बढ़ता राजस्थान

खैरथल-तिजारा। राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर )शाखा तिजारा की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष रगबीर कन्नोजिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई । बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विनोद कुमार माजरा ने शिक्षकों के बढ़ती गैर शैक्षणिक ड्यूटियो पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय प्रशासन आए दिन शिक्षकों से शिक्षण कार्य के अलावा अन्य कार्यक्रमों को अधिक महत्वपूर्ण मानते हुए शिक्षकों की ड्यूटी लगा रहा हैजिससे विद्यालयों के शैक्षणिक वातावरण पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है ।जबकि अन्य कई विभागों के कर्मचारियों के पास कार्य भी कम है,उन्होंने मांग की प्रशासन को ऐसे विभागो के कर्मचारियों की सेवा लेनी चाहिए और शिक्षकों को शिक्षण कार्य हेतू गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखा



जाए ।प्रशासन को शिक्षकों की गैर शैक्षणिक कार्यों जारी ड्यूटि यों को तुरंत निरस्त करने की अपील की ताकि विद्यालयों का शैक्षणिक स्तर में सुधार हो सके । पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष खेमचंद चौहान ने बैठक को संबोधित करते हुए बीएलओ कार्य हेतू ब्लॉक में एससी एसटी वर्ग के ड्युटियों पर रोष व्यक्त किया ।उन्होंने अपने संबोधन ने कहा की एक तरफ जहां प्रशासन उसी ग्राम के कर्मचारियों को बीएलओ लगाने के निर्देश मिलने पर भी एससी एसटी वर्ग के बाहरी व्यक्तियों को बीएलओ लगा रहा हैं शिकायतें मिलने पर भी प्रशासन द्वारा कर्मचारियों के प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई नहीं होने पर रोष व्यक्त किया और प्रशासन से मांग की इस तरह की परिवेदनाओं का तत्काल निस्तारण किया जाए ।उन्होंने मांग की की वर्तमान समय में विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को नुकसान नहीं हो इसलिए अन्य विभाग के कर्मचारियों को बीएलओ लगाया जाए। कई विद्यालयों के अधिकतर शिक्षकों के बीएलओ लगाने पर भी रोष व्यक्त किया ।ब्लॉक प्रवक्ता रामसिंह ने तिजारा ब्लॉक के पूर्व में अन्य विभाग के ई ग्राम प्रभारियों को हटा कर शिक्षकों को ई ग्राम प्रभारी बनाने पर रोष व्यक्त करते हुए संगठन से मुख्यमंत्री,शिक्षमंत्री के नाम ज्ञापन देने की अपील की।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रगवीर कन्नौजिया ने बैठक में बताया की वर्तमान में संगठन का सदस्यता अभियान चल रहा है। जो 10 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों से अधिक से अधिक शिक्षको को जोड़कर संगठन को मजबूत करने की अपील की।

इस अवसर पर हरीराम मीणा जिला महामंत्री,अजीतसिंह जिला प्रतिनिधि,ग्यारसीराम मीणा ब्लॉक महामंत्री, गौरी शंकर ब्लॉक उपाध्यक्ष,राहुल केला ब्लॉक कोषाध्यक्ष,सुरेश शास्त्री ब्लॉक कार्यालय मंत्री,विक्रम मीणा पूर्व ब्लॉक उपाध्यक्ष, रणजीत सिंह प ू व र् कोषाध्यक्ष,सरजीत,बाबूसिंह,सुनील वर्मा,संजय बेनीवाल,सत्यवीर, सैलेंद्र सैनी,सतेंद्र कुमार,इकबाल खान, अविनाश मीना,राजेश मीणा,महेंद्र बैरवा,अभिषेक मीना सहित काफी संख्या में पदाधिकारी और शिक्षक मौजूद रहे।

## नेत्र शिविर में बुजुर्गों को 150 मरीजों मिली रोशनी:यादव

### सफल ऑपरेशन के बाद मरीजों में खुशी की लहर, यादव को दिया आशीर्वाद

बढ़ता राजस्थान

बानसूर (धीरज मौर्य)। नगर पालिका क्षेत्र स्थित भाजपा नेता महेन्द्र यादव के निज आवास पर लगे नेत्र चिकित्सा शिविर में कुल ओपीडी में से 150मरीजों का चयन किया गया था ।जिनकी आँखों के लेंस प्रत्यारोपण का सफल ऑपरेशन बहरोड़ नीमराणा स्थित मिश्री देवी चेरिटेबल आई हॉस्पिटल में किया गया। भाजपा यादव महेन्द्र यादव ने बताया कि उसके द्वारा गत 26वर्षो से रक्तदान शिविर और नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन करवाया जा रहा है जिसमें अब तक हजारों यूनिट



रक्तदान रक्तदाताओं द्वारा किया जा चुका है वहीं नेत्र चिकित्सा शिविर के माध्यम से हजारों बुजुर्गों को नेत्र ज्योति मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र मेरा घर और गाँव है इसमें भी दर्जनों नेत्र चिकित्सा शिविरों और रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है और यह क्रम आगे भी जारी रहेगा ।सभी शिविरों में मरीजों एवं उसके साथ आए परिजन का खाना पानी और वाहन खर्च भी मेरे द्वारा ही वहन किया जाता रहा है ।सभी मरीजों का सफल ऑपरेशन मिश्री देवी हॉस्पिटल बहरोड़ नीमराणा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ वीरेन्द्र यादव द्वारा किया गया ।नेत्र ज्योति मिलने के बाद मरीज महेन्द्र यादव को आशीर्वाद देकर खुशी -खुशी अपने घर रवाना हो गए। इस मौके पर आशीर्वाद पाकर भाजपा नेता महेन्द्र यादव ने कहा कि बुजुर्गों के आशीर्वाद से मुझे खुशी मिलती है और बुजुर्गों सहित बानसूर विधानसभा क्षेत्र के सभी नागरिकों का आशीर्वाद और स्नेह इसी तरह मिलता रहे, जिससे मेरी आत्मा को शान्ति और संतुष्टि मिलती रहे ।उन्होंने कहा कि यह क्रम आगे भी जारी रहेगा।

## माला तो हमलोग पहनते हैं पर आपको माला पहनाई गईं:घोड़ापछाड़

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के तबादले पर घोड़ापछाड़ नेता पूर्व मंत्री डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने कहा कि जनता माला तो हमको पहनाती है पर पहली बार खुशी हो रही है कि किसी पुलिस अधिकारी को जनता माला पहना रही है। विधायक, चेयरमैन या अन्य जनप्रतिनिधि तो नित्य माला पहनते हैं वह इसलिए कि जनता का काम करते हैं और कुछ को करवाना होता है। लेकिन मुझे गर्व हो रहा है कि जनप्रतिनिधियों सहित आमजन



आपको माला पहनाकर सम्मान कर रहा है। यह सुखद अनुभूति है, यह आपके लिए भी गर्व की विभूति होनी चाहिए कि कोटपूतली बहरोड़ जिले की जनता का आपने कितना दिल जीता। घोड़ापछाड़ ने कहा कि आप जहाँ भी रहें जिस औहदे पर रहें कोटपूतली बहरोड़ जिले की जनता की शुभकामनाएँ आपके साथ रहेंगी।

# मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान : हरयाळो राजस्थान के तहत खैरथल-तिजारा में वृक्षारोपण की धूम

## भिवाड़ी नगर वन में मियावाकी पद्धति से 50,000 पौधे, हरियाली तीज पर होगा वन महोत्सव, प्रभारी मंत्री विभिन्न विभागों द्वारा अर्जित विशेष उपलब्धियों, संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की करेंगे समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

खैरथल-तिजारा। राजस्थान को हरित प्रदेश के रूप में विकसित करने की दृष्टि से बजट 2024-25 में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महा अभियान के माध्यम से हर परिवार को जोड़ते हुए 7 करोड़ पौधे लगाने एवं पालने का लक्ष्य रखा गया था, इस क्रम को सतत रखने के लिए मल्टी सेक्टोरल प्रोग्राम के रूप में मिशन हरयाळो राजस्थान की घोषणा की गई। बीते वर्ष 7 अगस्त 2024 से शुरू हुए इस अभियान के पहले चरण में 7 करोड़ पौधे लगाए गए जिसका वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना। इसी पहल को आगे बढ़ते हुए इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा हरयाळो राजस्थान मिशन के अंतर्गत प्रदेशभर में 10 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अभियान की शुरुआत 7 अगस्त 2024 को हरियाली तीज के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा दूदू जिले के गाड़ोता में पीपल का पौधा लगाकर की गई थी। इसी क्रम में खैरथल-तिजारा जिले ने भी हरियाली की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दूरगामी सोच को साकार करने की दृष्टि से पौधरोपण के साथ उनकी उचित देखभाल की भी आवश्यकता है। इसके लिए 21 मार्च 2025 को विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा डिजी-वन पोर्टल का शुभारम्भ किया गया। पोर्टल के माध्यम से हरयाळो राजस्थान के तहत राज्य में वृहद स्तर पर किये जा रहे वृक्षारोपण पर ऑनलाइन माध्यम



से निगरानी रखी जा सकेगी। गौरतलब है कि देश में यह ऐसी पहली विशेष पहल है। जिसके माध्यम से मिशन के तहत किये जा रहे वृक्षारोपण में पारदर्शिता रह सकेगी ।जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि जिला पर्यावरण समिति की बैठक में जिले के लिए 15 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया, जिसमें से अब तक 1,44,826 पौधे लगाए जा चुके हैं। साथ ही अग्रिम मृदा कार्य के तहत जिले में 5 लाख गड्ढे तैयार कर लिए गए हैं।

हरियाली तीज (27 जुलाई) के अवसर पर राज्य स्तर पर 2.5 करोड़ पौधे रोपित किए जाने का लक्ष्य है, जिसमें खैरथल-तिजारा जिले को 2 लाख पौधों का लक्ष्य दिया गया है। जिले में विशेष तैयारी के तहत 3.5 लाख पौधे रोपित किए जाएंगे। इसमें भिवाड़ी स्थित प्रस्तावित नगर वन %ए% में मियावाकी पद्धति से 50,000 पौधे लगाए जाएंगे, जहां वन महोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा।

इससे पूर्व, शनिवार को प्रभारी मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की गरिमामयी उपस्थिति में कृषि उपज मंडी, खैरथल-तिजारा में वृक्षारोपण महाअभियान के तहत 1100 पौधे रोपे जाएंगे। इसके साथ ही कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री राज्य सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं /कार्यक्रमों, विभिन्न विभागों द्वारा अर्जित विशेष उपलब्धियों, संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी करेंगे।

इस महाअभियान में जिला कलेक्टर ने निजी संस्थान, औद्योगिक इकाइयां, स्वयंसेवी संगठन और आमजन से अपनी सक्रिय भागीदारी की अपील की।

## तारबंदी योजना में सभी श्रेणी के किसानों को मिलेगा अनुदान, आवेदन करें ऑनलाइन

बढ़ता राजस्थान

कोटा (दामोदर सिंह)। प्रदेश सरकार राज्य के कृषकों को आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं आधुनिक कृषि पद्धतियों से सुसज्जित करने की दिशा में निरंतर प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आत्मनिर्भर और समृद्ध किसान के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में किसानों को उनकी फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने हेतु तारबंदी योजना के अंतर्गत अनुदान सहायता प्रदान की जा रही है। यह योजना किसानों को उनकी भूमि सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ टिकाऊ कृषि प्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है।

### राजकिसान साथी पोर्टल से करें आवेदन

कृषि विभाग ने किसानों से अनुरोध किया है कि वे तारबंदी योजना के अंतर्गत अनुदान के लिए राजकिसान साथी पोर्टल पर आवेदन करें। किसान स्वयं अथवा निकटतम ई-मित्र केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। योजना में सभी श्रेणी के किसान पात्र हैं, जिससे यह पहल समावेशी कृषि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### वर्ग अनुसार अनुदान का प्रावधान

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक श्री अतीश कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि लघु एवं सीमांत कृषकों को लागत का 60 प्रतिशत अथवा अधिकतम 48 हजार रुपये (जो भी कम हो) का अनुदान देय होगा। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना से अतिरिक्त 10 प्रतिशत (अधिकतम 8 हजार रुपये) तक की सहायता भी उपलब्ध है। अन्य कृषकों को 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 40 हजार रुपये (जो भी कम हो) का अनुदान दिया जाएगा।

### सामुदायिक तारबंदी को भी मिलेगा बढ़ावा

राज्य सरकार ने सामुदायिक तारबंदी को भी प्रोत्साहित किया है। यदि 10 या अधिक किसानों का समूह 5 हेक्टेयर या उससे अधिक भूमि के साथ सीमांकित पेरीफेरी में तारबंदी करना चाहता है, तो उन्हें इकाई लागत का 70 प्रतिशत अथवा अधिकतम 56 हजार रुपये प्रति कृषक तक अनुदान मिलेगा। यह योजना साझेदारी में खेती की संस्कृति को बढ़ावा देती है।

## टीबी रोगियों को पोषण किट वितरित करने के लिए 27 से 31 जुलाई तक विशेष अभियान

बढ़ता राजस्थान

कोटा,(विनोद गौड़)। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी रोगियों को निक्षय मित्र पहल के अन्तर्गत पोषण किट वितरित करने के लिए 5 दिवसीय विशेष अभियान 27 से 31 जुलाई तक चलेगा। गुरुवार को राज्य स्तर से वीसी के माध्यम से अभियान के सफल क्रियान्विति को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ रवि प्रकाश शर्मा, राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ पुरुषोत्तम सोनी सभी संयुक्त निदेशक, सीएमएचओ व डीटीओ को अधिक से अधिक पोषण किट वितरण के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र नागर ने बताया कि अभियान के अन्तर्गत चिकित्सा विभाग की ओर से जिले में अधिक से अधिक टीबी रोगियों को पोषण किट से लाभान्वित करने का प्रयास किया जाएगा। इस क्रम में सोमवार को जिला कलक्टर पीयूष समारिया के माध्यम से भी पोषण किट वितरित किए जाएंगे।

## भवानीमंडी खण्ड पर विशेष टिकट चेकिंग अभियान

### लोकल सवारी ट्रेनों में 165 बेटिकट यात्रियों से 50 हजार से अधिक जुर्माना वसूला

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा मंडल में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए डीआरएम श्री अनिल कालरा के मार्गदर्शन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में सवारी गाड़ियों में औचक सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पिछले कई दिनों से लोकल सवारी गाड़ियों में बिना



टिकटयात्रा करने की लगातार शिकायतें मिल रही थी। इसी कड़ी में 24 जुलाई को कोटा-भवानीमंडी रेल मार्ग पर चार सवारी गाड़ियों गाड़ी संख्या 59838 कोटा-अकलेरा, गाड़ी संख्या 61616 कोटा-नागदा, गाड़ी संख्या 61623 चौमहला-कोटा एवं गाड़ी संख्या 59837 अकलेरा-कोटा में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस टिकट चेकिंग अभियान में कुल 165 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए। जिनसे कुल 50,095 रूपए का जुर्माना वसूला गया। इस अभियान के दौरान एसीएम श्री अमित वर्मा ने रामगंजमंडी एवं भवानीमंडी स्टेशनों पर भी बिना टिकट यात्रियों की जाँच की। चेकिंग अभियान में चेकिंग स्टाफ लक्ष्मीकांत मीना, दीपक शर्मा, विष्णु कुमारी, सलोनी शर्मा, फतेह सिंह, शुभम सिंह, संजय झा, अमन शर्मा ने अहम् भूमिका निभायी। इस अभियान से रेलवे ने विशेष रूप से लोकल बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों की धड़पकड़ की। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि यह कार्यवाही आगे भी निरन्तर जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि यात्री गाड़ियों में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाया जा सके।

## श्रावणी अमावस्या पर स्वर्ण जडित झूले में विराजे मथुराधीश प्रभु, दो बार हुए हिंडोला मनोरथ के दर्शन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** शुद्धाद्वैत प्रथम पीठ श्री बड़े मथुराधीश मंदिर पर श्रावणी अमावस्या पर गुरुवार को प्रभु सुनहरी झूले में विराजे। प्रभु निज तिबारी से बाहर आए और चौक में हिंडोला मनोरथ के दो बार दर्शन हुए। काष्ठ पर सोने की कलई वाले झूले में शयन में ठाकुर जी



आकर्षक लग रहे थे। हरे बूटे वाली पिछवाई लगाई गई थी। चौक पर हरे पत्तों की सजावट की गई। मुख्य द्वार को हरे पत्तों के तोरण से सजाया गया। ठाकुर जी के सभी साज, वस्त्र, पिछवाई, खंड पाट, गादी, तकिया, ठाड़ा वस्त्र, पाग, पिछौड़ा सब हरे मलमल के थे। प्रथम पीठ युवराज गोस्वामी मिलन बावा ने बताया कि मंदिर पर 14 अगस्त तक हिंडोला महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। मनोरथ के दौरान प्रभु का आकर्षक भारी श्रृंगार किया जा रहा है। आकर्षक झूले में विराजमान कर पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार प्रभु के बाल स्वरूप को लाड़ लड़ाते हुए पलना दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई को हरियाली तीज पर भी हिंडोला मनोरथ के दर्शन होंगे। प्रभु फूलों से सज्जित हिंडोले में विराजेंगे।

# हरित राजस्थान की ओर बढ़ता कदम - भजनलाल सरकार की पर्यावरणीय क्रांति

### भजनलाल शर्मा की सोच हरियाली के जरिए सतत विकास का संकल्प

बढ़ता राजस्थान

कोटा/जयपुर। राजस्थान की पहचान लंबे समय तक एक रेगिस्तानी और जल-संकटग्रस्त राज्य के रूप में रही है, लेकिन अब इस छवि को बदलने का संकल्प मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने लिया है। उनका नेतृत्व पर्यावरणीय चेतना को केवल नीति तक सीमित नहीं रख रहा, बल्कि उसे जन-आंदोलन का रूप दे रहा है। हरियाली, जल संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास अब राजस्थान की शासन प्राथमिकताओं में शीर्ष पर हैं।

राजस्थान का पहला ग्रीन बजट - विकास और पर्यावरण का संतुलन

भजनलाल सरकार ने 2025-26 के लिए प्रदेश का पहला ग्रीन बजट पेश कर एक ऐतिहासिक शुरुआत की है। इस बजट में राज्य के कुल स्कीम खर्च का 11.34 प्रतिशत, यानी 27,854 करोड़ रुपये ग्रीन ग्रोथ से जुड़ी परियोजनाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं। सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक राज्य संयुक्त राष्ट्र के सस्टेनेबल डवलपमेंट गोल्स को हासिल करे। इसके लिए जलवायु अनुकूलन की पांच वर्षीय योजना तैयार की जा रही है और एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर क्लाइमेट चेंज की स्थापना की जाएगी, जिससे पर्यावरणीय शोध और नीति निर्माण को मजबूती मिलेगी।

द्व*हरियालो राजस्थान अभियान - एक जनआंदोलन बना पर्यावरण मिशन*द्ब

एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेते हुए राज्य सरकार ने 'हरियालो राजस्थान' महाअभियान शुरू किया है। पिछले मानसून में 7 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं और इस वर्ष 10 करोड़ पौधे



लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे जुड़े 'मातृ वन' और 'स्मृति वन' जैसी संकल्पनाएं इसे एक भावनात्मक आंदोलन बना रही हैं। हर जिले में आमजन की भागीदारी से मातृ वन बनाए जा रहे हैं, जहां नागरिक अपने परिजनों की स्मृति में वृक्ष लगाकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इस अभियान को डिजिटल रूप से ट्रैक करने के लिए 'हरियालो राजस्थान' मोबाइल ऐप भी विकसित किया गया है।

नवीन ऊर्जा में आत्मनिर्भरता - किसान बना ऊर्जा उत्पादक

राज्य में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में रिकॉर्ड प्रगति हुई है। भजनलाल सरकार के कार्यकाल में 1190 मेगावाट की क्षमता वाले 592 सौर संयंत्र लगाए गए हैं। ये संयंत्र कुसुम योजना के तहत किसानों द्वारा स्वयं अथवा डेवलपर के साथ साझेदारी में स्थापित किए गए हैं, जिससे किसान अब अन्नदाता के साथ-साथ ऊर्जादाता भी बन गए हैं। इन संयंत्रों से उत्पादित बिजली महज ढाई से तीन रुपये प्रति यूनिट में डिस्कॉम्स को मिल रही है, जो थर्मल बिजली की तुलना में बेहद सस्ती और प्रदूषणरहित है। यह योजना न केवल किसानों की आय बढ़ा रही है, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भी बड़ा कदम है।

हरित राजस्थान भविष्य की दिशा, वर्तमान की आवश्यकता

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का नेतृत्व राजस्थान को पारंपरिक रेगिस्तान से हरित समृद्धि की ओर ले जा रहा है। यह केवल वृक्षारोपण या जल संरक्षण की पहल नहीं है, बल्कि यह समग्र दृष्टिकोण है जो पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों को जोड़ता है। आज राजस्थान सतत विकास की दिशा में देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हो रहा है। हर नागरिक की भागीदारी और सरकार की प्रतिबद्धता के साथ, 'हरित राजस्थान' अब केवल एक सपना नहीं, बल्कि साकार होता यथार्थ है।

## निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति हेतु मुख्यमंत्री से विधायक ने किया आग्रह

बढ़ता राजस्थान

निम्बाहेड़ा (नि.स.)। बुधवार को राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह के दौरान पूर्व सहकार शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति को लेकर एक पत्र सौंपा। कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित समारोह में विधायक कृपलानी ने विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख मांगों के बारे में सीएम भजनलाल शर्मा को अवगत करवाते हुए निर्माणाधीन जिला चिकित्सालय निम्बाहेड़ा की चौथी मंजिल निर्माण के लिए 20.40 करोड़, निम्बाहेड़ा उपखण्ड के टाटरमाला, लक्ष्मीपुरा, सालरमाला, बिनोता, खोड़ीप, मिण्डाना एवं मण्डलाचारण क्षेत्र स्थित खनन



खदानों के पानी से 180 हेक्टेयर क्षेत्र में सामुदायिक स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली के लिए 492.72 लाख, बडोली माधोसिंह और चंगेडी स्थित खनन खदानों के पानी से 70 हेक्टेयर क्षेत्र में सामुदायिक स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली के लिए 225.43 लाख, नगर परिषद निम्बाहेड़ा के माध्यम से नगरीय क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अन्त्योदय के प्रणेता एवं प्रखर चिन्तक पण्डित दीन दयाल उपाध्याय, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एवं आदिवासी भील योद्धा राणा पुंजा की आदमकद प्रतिमा/स्मारक निर्माण के लिए 2.50 करोड़, कृषि उपज मण्डी समिति निम्बाहेड़ा में कृषकों की उपज को प्लेटफार्म पर विक्रय के निमित्त डोम निर्माण के लिए 2 करोड़, कृषि उपज मण्डी समिति छोटीसादड़ी जिला प्रतापगढ़ में लोहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने के लिए 50 लाख के विभागीय प्रस्तावों की स्वीकृति को लेकर पत्र सौंप कर आग्रह किया।

विधायक कृपलानी ने पत्र के माध्यम से निम्बाहेड़ा में एन.डी.पी.एस. न्यायालय खोलने, निम्बाहेड़ा शहरी क्षेत्र में संचालित ग्रामीण परिवार कल्याण केन्द्र को सीटी डिस्पेन्सरी में परिवर्तित के साथ ही विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृत करने का आग्रह किया।

कृपलानी के द्वारा सौंपे गए पत्र एवं आग्रह पर मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पहले भी निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र के सभी विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया गया। उन्होंने विधायक कृपलानी को आश्वस्त किया कि इन कार्यों की भी शीघ्र स्वीकृति हेतु कार्यवाही की जाएगी।

## ब्रह्मा कुमारीज द्वारा कावड़ यात्रियों का ईश्वरीय स्वागत एवं सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में गुरुवार हरियाली अमावस के शुभ अवसर पर राजयोग सेवा केंद्र प्रभारी बीके अंकिता दीदी को शुभ प्रेरणा से केदारनाथ से पदयात्रा करके आए हुए रावतभाटा निवासी 20 कावड़ यात्रियों का राजयोग सेवा केंद्र चारभुजा में सम्मान समारोह रखा गया। जिसमें ब्रह्मा कुमारी बहनों द्वारा सभी कावड़ यात्रियों का तिलक अर्पण एवं फूलमालाओं द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया तत्पश्चात कावड़ यात्रा का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा की यह कावड़ यात्रा शिव परमात्मा के प्रति शिव भक्तों की अटूट आस्था प्रेम और शक्ति का प्रतीक है, वास्तव में यह यात्रा हमें प्रेरणा देती है की कितनी भी कठिनाइयां हमारे मार्ग में हो



लेकिन परमात्म याद की शक्ति से हर रास्ता सहज पार हो सकता है। चार प्रकार की कावड़ यात्राएं हमारी अध्यात्मिक ज्ञान मार्ग की चार अवस्थाओं का यादगार है जिसमें पहले है सामान्य कावड़ यात्रा जिसका अर्थ है आराम से चलना जो उन लोगों का प्रतीक है जो सच्चाई का रास्ता जानते हुए भी अपनी सुविधा अनुसार जीवन बयापन करते हैं। दूसरा है डाक कावड़ माना बिना रुके चलते रहना जो उन लोगों का प्रतीक है जो समय को समझते हुए अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाते हैं। तीसरा खड़ी कावड़ यात्रा जिसमे नीचे नहीं रखना होता इसका अर्थ है ज्ञान से परिपूर्ण बुद्धि को कभी व्यर्थ नकारात्मक से मैला नहीं करना है। चौथा है दाडी कावड़ माना दंडवत करते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचाना जिसका अर्थ है अहंकार के मैं और मेरे पन को शिव भोलानाथ पर संपूर्ण अर्पण करना ऐसी अध्यात्मिक पदयात्राएं हमारी आज की युवा पीढ़ी को भी प्रेरित करती है ऐसे श्रेष्ठ कार्य में सहयोगी बनने के लिए।

अंत में ईश्वरीय सौगात देकर के सभी को प्रसाद दिया गया। कार्यक्रम में लवीना बहन, बीके चित्रा बहन एवं अन्य बीके भाई बहाने मौजूद रहे।

## शिक्षा सहकारी सभा ने तैयार करवाई सहकारी वाटिका, 300 पौधे रोपे, सुरक्षा के लिए कराई फेंसिंग

बढ़ता राजस्थान

कोटा,(विनोद गौड़)। शिक्षा विभाग कर्मचारीगण सहकारी सभा की ओर से अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत अंता ब्लॉक स्थित



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पलसावा में शिक्षा सहकारी वाटिका तैयार की गई है जिसमें गुरुवार को विभिन्न प्रजाति के 300 पौधे रोपे गए। शिक्षा सहकारी के पदाधिकारियों ने सहकारी वाटिका में पौधों की सुरक्षा के लिए करवाई गई फेंसिंग हेतु मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमती ममता चौधरी और प्रधानाचार्य रघुवीर मीणा को 35 हजार रुपए का चैक सौंपा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत समिति अंता के प्रधान प्रखर कौशल थे। अध्यक्षता शिक्षक सहकारी के अध्यक्ष प्रकाश जायसवाल ने की। विशिष्ट अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ममता चौधरी, शिक्षक सहकारी के उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार नागर, मंत्री जमनालाल गुर्जर, राजमल मीणा, अनुराधा शर्मा, कमल कुमार शर्मा, दिनेश कुमार मीणा, विकास अधिकारी राधेश्याम भील, पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र कुमार भील थे प्रखर कौशल ने कहा कि पौधरोपण हम सबकी सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारी है। इसलिए अधिक से अधिक पौधरोपण करें तथा अपने परिजनों व दोस्तों को इसके लिए प्रेरित करें। पर्यावरण संतुलन के लिए पौधरोपण बहुत ही जरूरी है। प्रकाश जायसवाल ने कहा कि जनसंख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन पेड़-पौधों की संख्या लगातार कम हो रही है। मानव जीवन के साथ -साथ पशु -पक्षियों के लिए यह चिंता का विषय है। लोग अपने फायदे के लिए पेड़ों पर आरी चला रहे हैं, लेकिन नए पौधे कम ही लगा रहे हैं। ऐसे में अधिक से अधिक पौधरोपण की जरुरत है। संचालन हरिकुमार गौतम ने किया।

## चंबल गार्डन में अतिक्रमण देख भड़के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर,आयुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण को दिए कार्यवाही के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(विनोद गौड़)।** चंबल गार्डन कोटा में अतिक्रमण और अवैद्य कब्जे हटाने को लेकर शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने दिए सख्त निर्देश। नगर निगम कोटा दक्षिण के वृक्षारोपण कार्यक्रम में यातायात पार्क में पौधारोपण करने पहुंचे शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने चंबल गार्डन में धार्मिक आधार पर अवैद्य कब्जे देखकर सख्त नाराजगी जताई। मंत्री श्री दिलावर ने कहा कि चंबल



गार्डन पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध था। बचपन में पता चलता था कि कोटा जा रहे तो ये सोच कर बहुत खुशी होती थी कि अब हम चंबल गार्डन जाएंगे। आज ये हालत हो गई कि लोग चंबल गार्डन जाना नहीं चाहते। ये ठीक नहीं है। नगर निगम आयुक्त श्री अनुराग भार्गव को मंत्री ने निर्देश दिए कि अतिक्रमण तुरंत हटाओ। किसी के भी हो मंदिर हो या मस्जिद सारे अवैद्य निर्माण हटाकर चंबल गार्डन को फिर से लोगो को पसंद बनाओ। कोई बहाना नहीं चलेगा। तत्काल कार्यवाही करो।

# चेचट मोड़क टोल बना अवैध वसूली का अड्डा

### सरकार सो रही है, टोल माफिया जनता को लूट रहे हैं

बढ़ता राजस्थान

कोटा (विनोद गौड़)। रामगंजमंडी क्षेत्र में स्थित चेचट मोड़क टोल प्लाजा पर भारी अव्यवस्था, नियमों की अनदेखी और आम जनता के साथ खुलेआम शोषण की घटनाएं सामने आई हैं। वाहन चालकों और स्थानीय निवासियों का आरोप है कि टोल प्रबंधन न केवल अवैध वसूली कर रहा है, बल्कि विरोध करने पर धमकाया और दुर्व्यवहार तक किया जा रहा है।

दोहरी वसूली - फास्टैग के बावजूद नकद लूट(कलर बोक्स)

आधुनिक व्यवस्था के नाम पर लागू की गई फास्ट टैग प्रणाली का यहां मखौल उड़ाया जा रहा है। वाहन मालिक ने बताया कि 22/7/ 2025 को सुबह साढ़े 4:30 करीब माल से भरा हुआ ट्रक मंदसौर से कोटा की ओर जा रहा था इस दौरान चेचट टोल प्लाजा पर पहुँचा तो टोल कर्मचारियों ने कहा की सॉफ्टवेयर मे कुछ खराबी के कारण फास्टैग से टोल नहीं कट रहा है। इस कारण टोल कैश देना पड़ेगा, वाहन मालिक ने टोल कर्मी को कैश टोल दिया। इसके कुछ देर बाद ही फास्टैग से टोल कर्मी ने फास्ट टेगसे टोल काट लिया गया। पहली बार सॉफ्टवेयर मे कुछ खराबी बताकर नकद 335 और कुछ देर बाद ख़स्ताहुद से टोल टैक्स काट कर नकद वसूली की जा रही है।



यह न केवल राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियमों का उल्लंघन है, बल्कि पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ चलने वाली जनता के साथ खुला धोखा है।

विरोध करने पर गाली-गलौच, धमकी और अभद्रता

वाहन चालक ने बताया कि जब उन्होंने टोलकर्मियों से सवाल किए, तो उनके साथ बदसलूकी की गई। सवाल उठता है - क्या टोल प्लाजा अब लूट का अड्डा बन चुके हैं

सुविधा शून्य, वसूली 100 प्रतिशत

टोल प्लाजा पर यात्रियों के लिए जो मूलभूत सुविधाएँ अनिवार्य हैं, उनकी स्थिति बेहद शर्मनाक है

एम्बुलेंस नहीं

महिला शौचालय की व्यवस्था सही नहीं

आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था नहीं

दमकल, सुरक्षा या प्रकाश व्यवस्था नहीं

क्या टोल टैक्स सिर्फ जनता को लूटने का माध्यम बन चुका है?

प्रश्न गंभीर है — जब सुविधाएँ ही नहीं दी जा रही हैं, तो फिर जनता से जबरन वसूली किस आधार पर हो रही है?

क्यों सरकारें ऐसी टोल कंपनियों पर लगाम नहीं कस रही हैं?

क्या जनता की मेहनत की कमाई को इस तरह खुलेआम लूटा जाना अब सामान्य बात हो गई है ?


# अभिभावकों पर आफत... 40 वाली कॉपी 80 और 200 वाले जूते 300 में मिल रहे

## बाडी धौलपुर 250 रुपए का कोर्स 1350 में दिया, फर्जी बिल थमाया

बढ़ता राजस्थान

बाडी (राजू शर्मा)। निजी स्कूलों की लूट ने अभिभावकों को आफत में डाल दिया है। मध्यम वर्गीय इंसान पर जब हजारों रुपये की कॉपी-किताबों का बोझ पड़ता है, तो वह परेशान होकर रह जाता है। 40 वाली कॉपी 80 रुपए और 200 वाले जूते 300 रुपए में बिक रहे हैं। 1000 में मिलने वाला कॉपी और किताबों का कोर्स चार हजार से छह हजार रुपए तक बेचा जा रहा है। ढाई सौ रुपये वाली पैंट 500 और 200 रुपये वाली शर्ट चार सौ रुपए में बेची जा रही है। जुलाई का माह अभिभावकों के लिए दिक्कतों का महीना। नए सत्र की शुरुआत के साथ ही अभिभावकों का संघर्ष शुरू हो जाता है स्कूल की फीस, यूनिफार्म, और कॉपी किताबों आदि का खर्चा है। वही स्कूलों के एकाधिकार के चलते संबंधित स्कूलों द्वारा अधिकृत विक्रेता के पास ही सामान मिलने से अभिभावकों को 15 से 20 प्रतिशत तक मिलने वाली छूट भी नहीं मिल पा रही है।

ऐसे में अभिभावकों की मजबूरी है कि उन्हें अधिकतम खुदरा मूल्य पर ही खरीददारी करनी पड़ रही है। हिन्दी माध्यम हो या कॉन्वेंट सभी स्कूल सभी की किताबें खुदरा मूल्य पर ही मिल रही है। 40 रुपए की कॉपी 80 रुपए में खुदा मूल्य पर मिल रही है। यही नही स्कूल ड्रेस में भी दुकानदार अभिभावकों से मोटी कमाई कर रहे है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश मंगल ने बताया कि राज्य सरकार के




नियमानुसार कोई भी अभिभावक ओपन मार्केट से अपने बच्चों को कोर्स एवं ड्रेस खरीद सकता है। यदि जिले में कोई निजी स्कूल द्वारा एक निश्चित दुकान के लिए अभिभावक को पाबंद करना नियम विरुद्ध है। इस तरह की शिकायत मिलने पर संबंधित स्कूल के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ऐसा ही मामला सरमथुरा कस्बे में देखने को मिला जब कस्बा में रहने वाला रवि कुमार गर्ग अपने बच्चे के लिए किताब खरीदने के लिए गया, जो एक निजी विद्यालय में पड़ता है, जब रवि गर्ग पुस्तकों की दुकान पर कोर्स खरीदने पहुंचा तो पुस्तक विक्रेता ने कोर्स की कीमत 1350 रुपए बताई। साथ ही पुस्तक विक्रेता ने रिद्दी सिद्दी बुक डिपो नाम की फर्म का बिल दे दिया। उसकी जानकारी की गई तो जानकारी में आया कि बिल में दिए गये पते पर कोई भी, किसी भी प्रकार की किताबों की दुकान नहीं है। जब इसकी गहनता से जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि पुस्तक विक्रेताओं के पास एक से अधिक फर्म की बिल गड्डियां होती है जिनमें कुछ बिना जीएसटी नम्बर तथा गलत पते की होती है। जिसे लेकर पीडित व्यक्ति रवि गर्ग द्वारा एसडीएम सरमथुरा को लिखित शिकायत भी दी गई। पीडित ने बताया कि अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय का कक्षा 5 वीं का कोर्स 250 रुपए बाजार में उपलब्ध है, जबकि निजी विद्यालय द्वारा कमीशन को खेल खेला जा रहा है जिसमें अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह और हरियाली तीज पर पौधारोपण को लेकर बैठक

बढ़ता राजस्थान

बाडी (राजू शर्मा)। शहर के पंचायत समिति परिसर में गुरुवार को उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी द्वारा आगामी स्वतंत्रता दिवस उपखंड स्तरीय कार्यक्रम को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें उपखंड स्तरीय समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई। एसडीएम त्यागी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर जो भी जिम्मेदारी सौपी है उसे समय पूर्व पूरा करें। जिससे उपखंड स्तरीय समारोह अच्छी प्रकार आयोजित हो सके।बैठक के दौरान आगामी 27 जुलाई को आयोजित होने वाले हरियाली तीज पर वन महोत्सव को लेकर भी चर्चा की गई। एसडीएम ने सभी को बताया कि पूरे राज्य में इस अवसर पर ढाई करोड़ पौधों का रोपण किया जाएगा। जिसमें धौलपुर जिले को 4 लाख पौधे लगाने की जिम्मेदारी मुख्य सचिव सुधांशु पंत द्वारा सोपी गई है। ऐसे में चार लाख पौधों में से बाड़ी उपखंड में करीब डेढ़ लाख पौधे लगाए जाएंगे। जिसको लेकर ब्लॉक स्तर से पंचायत स्तर तक पौधारोपण होगा जिसके लिए अलग-अलग लक्ष्य दिए गए हैं।



## सरकारी विद्यालय में महिला ने लगाई फांसी,पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उतरवाया शव

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** नाथद्वारा थाना क्षेत्र के धायला छापर स्थित राजकीय प्रथमिक विद्यालय में एक विवाहिता ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली । थानाधिकारी ने बताया कि सूचना मिली थी की एक महिला का शव स्कूल में फंदे से लटका हुआ है, मौके पर पहुँच कर शव को नीचे उतरवाया जिसकी पहचान नानी बाई पत्नी सोहन के रूप में हुई, शव का नाथद्वारा अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपर्द कार दिया है।परिजनों के अनुसार महिला पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से तनाव में थी, प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का लग रहा है फिर भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारणों का पता चल पाएगा, पति सोहन की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है । मृतका के पुत्र ने बताया कि रात्रि में खाना खाकर माँ बाप दोनो सो गए थे।सुबह जब मां नही दिखाई दी तो तलाश की इस दौरान उनके स्कूल में फंदे से लटके होने की सूचना मिली।जिसपर वहां गए व पुलिस को बुलाया । पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर लाश अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सुपुर्द कर दी ।

## राजसमंद जिला फुटबॉल संघ चुनाव सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** जिला फुटबॉल संघ की नाथद्वारा स्थित मारुतिनंदन होटल में आयोजित वार्षिक साधारण सभा में नई कार्यकारिणी का निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष घनश्याम बागोरा ने की, जिसमें क्रीड़ा परिषद से चांद खान पठान मुख्य अतिथि और राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के संयुक्त सचिव रफीक अहमद सिंधी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। चुनाव अधिकारी रमेश राणा की देखरेख में हुए चुनाव में हेमंत पालीवाल को अध्यक्ष और अशोक सर्वा को सचिव चुना गया। नवगठित कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष वीरेंद्रसिंह राव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रूपेश व्यास, उपाध्यक्ष हरीश कलोसिया, राकेश डांगी, देवीलाल कुमावत, संयुक्त सचिव नरेश घारू, नितिन मेनारिया, लक्ष्मीलाल कुमावत, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश पालीवाल, तुलसीराम कुमावत, कन्हैयालाल कुमावत, संदीप नायक ओर इसके अतिरिक्त सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से मनोज हाड़ा को चेयरमैन पद पर नियुक्त किया। चुनाव के बाद नवनियुक्त कार्यकारिणी ने फुटबॉल के विकास और खिलाड़ियों के हित में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने का संकल्प लिया।



## पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने किए श्रीनाथजी के दर्शन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** नाथद्वारा राजस्थान सरकार के पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य मंगलवार को एक दिवसीय निजी यात्रा पर नाथद्वारा पहुंचे। जहां उन्होंने श्रीजी मंदिर पहुंचकर प्रभु श्रीनाथजी व नवनीत प्रियाजी की ग्वाल झांकी के दर्शन किए। वहीं राजसमंद की नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने भी मंगलवार सुबह श्रीनाथजी मंदिर पहुंचकर ग्वाल झांकी के दर्शन किए और भगवान श्रीनाथजी का आशीर्वाद लिया। मंदिर पहुंचने पर कृष्ण भंडार अधिकारी सुधाकर उपाध्याय, सहायक अधिकारी अनील सनाढ्य, तिलकायत सचिव लीलाधर पुरोहित ने मंदिर परंपरा के अनुसार पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य व एसपी ममता गुप्ता का उपरना ओढ़ाकर और श्रीजी का प्रसाद भेंट कर समाधान किया। इस अवसर पर दोनों ही गणमान्य व्यक्तियों ने पुष्टिमार्गीय परंपरा के इस महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल पर अपनी आस्था व्यक्त की। दर्शन उपरांत पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य उदयपुर के लिए प्रस्थान कर गए।



## आजाद गेट पर मनाई चंद्रशेखर आजाद की जयंती

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के पुराने बाईपास स्थित चंद्रशेखर आजाद गेट पर महान क्रांतिकारी, देशभक्त पंडित चंद्रशेखर आजाद जी की जयंती मनाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं एवम् पूर्व सैनिकों ने भाग लिया एवम् सभी ने आजाद गेट पर श्री चंद्रशेखर आजाद जी की प्रतिमा लगाने एवम् चौराहे का नाम शहीद चंद्रशेखर आजाद जी के नाम से रखने की मांग की । कार्यक्रम के आयोजक सचिन दीक्षित सूरौठी , ऋषभ शर्मा , ने बताया कि प्रतिवर्ष चंद्रशेखर आजाद जी की जयंती मनाई जाती है जिसका उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति और राष्ट्रसेवा की भावना को जागृत करना है, साथ ही नई पीढ़ी को आजाद देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों के प्रति जागरूक करना है जिससे युवा इनके सिद्धांतों को आत्मसात कर अपने जीवन में ईमानदारी, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम को ला सके क्योंकि युवा ही देश का भविष्य है, और इसी सुन्दर, सुखद भविष्य के निर्माण के लिए ही हमारे शहीदों ने अपने जीवन को देश की खातिर न्योछावर कर दिया। इस मौके पर चंद्रशेखर आजाद की तस्वीर पर पूर्व सैनिकों की समस्त कमेटी ने माल्यार्पण किया जिसमें कैप्टन बनवारी सिंह परमार सूबेदार जगदीश जगरिया , श्याम किशोर सिंह जी ,नेवी पब्लिक स्कूल के संचालक दारा सिंह पचोरी जी , सूबेदार महेंद्र सिंह गुर्जर ओमवीर सिंह पार्षद विशाल सिंह पटवारी बने सिंह पटवारी एवम् युवाओं में सचिन दीक्षित, ऋषभ शर्मा दिनेश गुर्जर , सचिन बंसल ,किशोरी भटेले जी , शिवम् चिनगटी, ऋषभ भारद्वाज , ,पुष्पेंद्र गुर्जर , अजय कंसाना , सचिन गुर्जर , पुष्पेंद्र शाक्य , साहब सिंह जी , एवम् सैकड़ों देशभक्त कार्यकर्ता मौजूद रहे और ज़ोर सौर से वीरता के नारों के साथ पंडित आजाद जी की जन्म जयंती मनाई ।

## स्थानीय निकाय, पंचायत चुनावों को समय पर कराने की मांग: कांग्रेस

### प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। धौलपुर में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला स्तरीय विरोध बैठक का आयोजन किया गया। हिना रिसॉर्ट में आयोजित इस बैठक में संगठन जिला प्रभारी और प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत यादव मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा ने की।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि सरकार की जनविरोधी नीतियों पर रोक लगाई जाए और स्थानीय निकाय तथा पंचायत चुनावों को शीघ्र कराया जाए। संगठन प्रभारी अजीत यादव ने बैठक को




संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद से प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। उन्होंने कहा कि आए दिन बलात्कार, लूटपाट, डकैती, चैन स्नैचिंग और बजरी माफिया के आतंक की खबरें मिलती हैं।

यादव ने आरोप लगाया कि राज्य की भाजपा सरकार द्वारा नगर निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को परिसीमन के नाम पर बार-बार टाला जा रहा है। जबकि अधिकांश निकायों और पंचायतों का

कार्यकाल समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय और पंचायती राज संस्थाओं का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है। कार्यकाल समाप्त होने से पहले चुनाव प्रक्रिया शुरू करना आवश्यक है। लेकिन राज्य सरकार संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन कर इन संस्थाओं के चुनाव टाल रही है।बैठक में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री और राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा, धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा, बसेड़ी विधायक संजय जाटव समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री, बाड़ी प्रत्याशी प्रशांत परमार कांग्रेस सेवादल जिला प्रभारी रोशनी शिवहरे रामेंद्र मीना ब्लॉक अध्यक्ष सैफ शहीद कांग्रेस नगर अध्यक्ष नईम खान मंडल अध्यक्ष मनीष मंगल रामअवतार शर्मा एलएस यादव केशव मीणा महादेव मीणा रामसेवक अजर राजकुमार भारद्वाज शबनम खान सेवादल महिला जिला अध्यक्ष अनिल अरेला ब्लॉक संगठन महासचिव और विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी भी उपस्थित रहे।

## हाथोडी दुखान्तिका:जिला कलक्टर ने आरबीएम अस्पताल में घायलों से मिलकर पूँछी कुशलक्षेम

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)। जिले के वैर उपखंड के ग्राम हाथोडी में देर रात बुधवार को विद्युत के तार टूट कर ट्रांसफार्मर पर गिरने से निकट स्थित घरों में करंट दौड़ने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा 2 घायलों का आरबीएम अस्पताल में इलाज चल रहा है।जिला कलक्टर कमर चौधरी ने अस्पताल पहुंचकर घायलों की कुशलक्षेम पूँछकर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. नगेन्द्र भदौरिया को बेहतर चिकित्सा की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि घटना होने पर घायलों को देर रात स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों के सहयोग से आरबीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां घायलों का अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में इलाज चल रहा है। जिला कलक्टर ने विद्युत निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो इसके लिए विद्युत कर्मियों को निरन्तर जांच करते रहने के लिए निर्देशित करें।ग्राम हाथोडी में घटनाक्रम के दौरान अजय कुमार पुत्र बनिया कोली की मृत्यु एवं बाबू पुत्र बनिया कोली व जीवन लाल कोली गम्भीर रूप से झुलस कर घायल हो गये। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी राजीव शर्मा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता रामहेत मीणा सहित चिकित्सा कार्मिक मौजूद रहे।



## मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए पुख्ता प्रबंधन करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,( यतेन्द्र पाण्डेय )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर ने सभी खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एवं सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को निर्देशित किया है कि जिले में मानसून का दौर चल रहा है। इसे देखते हुए सभी चिकित्सालयों में मौसमी बीमारियों पर रोकथाम, जांच एवं उपचार के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। ताकि मौसमी बीमारियों के केस नियंत्रण में रहें।सीएमएचओ ने बताया कि विगत वर्ष मौसमी बीमारियों पर प्रभावी रोकथाम की गई थी, जिसके चलते केसों की संख्या कम रही और मौतें भी नगण्य रहीं। इस वर्ष भी माकूल प्रबंधन करते हुए मौसमी बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी आवश्यकता है, तत्काल अवगत कराएं। अस्पतालों में दवाओं की समुचित उपलब्धता और जांच उपकरणों की क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मौसमी बीमारियों के बारे में नियमित रूप से रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। साथ ही खण्ड स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

अधिकारी फील्ड में एक्टिव रहें-

सीएमएचओ ने कहा कि सभी अधिकारी फील्ड में एक्टिव रहकर स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। चिकित्सा संस्थानों में जांच एवं उपचार की व्यवस्थाओं में किसी तरह की कमी नहीं रहे। दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता हो और स्टाफ अनुपस्थित नहीं रहे।

स्वास्थ्य विभाग की आमजन से अपील-

सीएमएचओ ने मौसमी बीमारियों के संक्रमण के समय में विभाग ने अभियान चलाकर आवश्यक गतिविधियां तेज करते हुए आमजन से अपील की है कि वे सावधानी बरतें और मच्छरों को पनपने न दें। गमले, कूलर, कबाड़, टायर आदि में पानी एकत्रित बिल्कुल न होने दे।

## परिजनों को घर में बंद कर एकाउंटिंग ऑफिसर की कार के शीशे तोड़े

बढ़ता राजस्थान

भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय) । भुसावर कस्बे के छोकरवाड़ा रोड वार्ड नंबर 24 निवासी भरतपुर जिला कलेक्टर में वरिष्ठ लेखा अधिकारी यश खंडेलवाल के घर के बाहर खड़ी कार को अज्ञात बदमाशों ने निशाना बनाते हुए कार का पीछे का शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया घटना 23 जुलाई रात लगभग 10ः00 बजे की बताई जा रही है इसकी सूचनाआरएएस अधिकारी यश खण्डेलवाल ने थाना भुसावर को दी है। यश खंडेलवाल के अनुसार वे कस्बा भुसावर के छोकरवाड़ा सड़क मार्ग पर राजस्थान ग्रामीण बैंक के पुराने भवन के पास उनका घर स्थित है। जहां प्रतिदिन की तरह उनकी कार घर के बाहर खड़ी हुई थी। 23 जुलाई की रात करीब 10 बजे अज्ञात बदमाशों ने उनके घर के मुख्य गेट की कुंदी बाहर से लगा दी और



परिजनों को अंदर बंद कर दिया। इसके बाद बदमाशों ने कार को निशाना बनाते हुए ईंट मारकर पीछे के शीशे को तोड़ दिया। घटना की जानकारी गुरुवार को पड़ोसियों द्वारा दी। इसके बाद घर से बाहर आने लगे तो घर के मुख्य द्वार की कंदी लगी हुई थी। जिस पर पड़ोसियों से कुंदी खुलवाकर घटना की जानकारी ली। इसके बाद भुसावर पुलिस को अज्ञात बदमाशों पर कार्रवाई करने को लेकर मामला दर्ज करवाया है। पीड़ित यश खंडेलवाल ने बताया कि उनके घर के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। जिसके लिए पुलिस से सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर अज्ञात बदमाशों पर कार्रवाई करने को लेकर मांग की है।

# जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर करें पूर्ण - जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)। जल जीवन मिशन के तहत जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के तहत क्षतिग्रस्त होने वाली सड़कों को गुणवत्ता पूर्ण ठीक कराया जाये जिससे आमजन को परेशानी न हो। उन्होंने एसीईओ को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन विकास कार्यों की गुणवत्ता जांच करने के ब्लॉक विकास अधिकारी और जनप्रतिनिधि के सहयोग से भौतिक सत्यापन कराया जाये, राज्य सरकार से प्राप्त विकास कार्यों की राशि का प्रभावी तरीके से उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि जल



जीवन मिशन प्रोजेक्ट के तहत ग्रामीणों क्षेत्र में डाली जाने वाली पाइप लाइन की गुणवत्ता, लम्बाई एवं गहराई के लिए नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अभियंता या परियोजना प्रबंधक अपनी मासिक प्रगति रिपोर्ट का नियमित मूल्यांकन करते हुए प्रस्तुत रिपोट विकास कार्यों की संभावित देरी या समस्या की पहचान के साथ ही कार्य एजेंसी, संवेदकों का फीडबैक संलग्न करने के निर्देश दिए, जिससे विकास कार्यों में समय पर सुधार किया जा सके। उन्होंने विद्युत अधीक्षण अभियंता को जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट एवं कृषि क्षेत्र के विद्युत कनेक्शन प्रकरणों में प्रगति करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी व पीएचईडी विभाग आपस में समन्वय रखते हुये कार्यों को गति दें जिससे विकास कार्य समय पर पूर्ण हो सकें।

उन्होंने संबंधित अधिकारी को सभी निविदा, कार्य आदेश प्रक्रिया को समय से पूर्ण कर लिया जाये ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े । उन्होंने कहा कि ऐसी कार्य एजेंसी या संवेदक जिन्हें विकास मद की राशि प्राप्त होने पर भी कार्य प्रारम्भ नहीं करने या निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं करने पर नोटिस जारी कर नियमानुसार ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) ग्रामीण परिवारों को नियमित आधार पर पर्याप्त मात्रा और गुणवत्ता वाला पेयजल उपलब्ध कराने वाले नल कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस भानु शर्मा, एसीईओ विनय मित्र, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता नरेंद्र कुमार वर्मा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता रामहेत मीणा, अधिशाषी अभियंता केडी पाण्डे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## काशीपुरी वकील कॉलोनी माहेश्वरी महिला संगठन ने किया सब्जियों से भगवान शिव का श्रृंगार

बढ़ता राजस्थान


**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** काशीपुरी वकील कॉलोनी माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा सावन महोत्सव के तहत हरियाली अमावस्या के उपलक्ष में भगवान शिव का अभिषेक करवाया गया। अध्यक्ष शीला जागेटिया एवं सचिव चंद्रकांता बाहेती के सानिध्य में राधाकृष्ण मंदिर अभिषेक करके कई प्रकार की सब्जियों से भगवान शिव का श्रृंगार किया गया और महा आरती की। मंदिर परिसर में हर हर महादेव और बोल बम के जयघोष गूंजते रहे। इस दौरान सदस्याओं ने भजन कीर्तन के माध्यम से भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया। सच्चे मन से पूजा अर्चना व भक्ति करने वाले भक्तों के जीवन से सभी संकट दूर करके भगवान शिव भक्तों के घर में सुख व समृद्धि के भंडार भर देते हैं। अभिषेक में दिव्या सोनी, पुष्पा ईनाणी, मनोरमा कोठारी, संध्या नुवाल, मंजू सोनी, सुनीता सामरिया, गीता काबरा, शारदा न्याति, सुनीता सोमानी, पार्वती काबरा, मधु बाँगड़ सहित कई सदस्यों का सहयोग रहा। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पहुंचे।



## रामगढ़ टाइगर रिजर्व के बफर जोन में राजस्व विभाग हिंडोली द्वारा रजिस्ट्री करने का मामला सामने आया

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** जिले रामगढ़ टाइगर रिजर्व के बफर जोन में राजस्व विभाग हिंडोली द्वारा रजिस्ट्री करने का मामला सामने आया है। इस पूरे मामले को लेकर रामगढ़ टाईगर रिजर्व के डी एफ ओ ने मामले में संज्ञान लेते हुए मामले को गम्भीर माना है । ओर जांच करवाकर मामले में रजिस्ट्रेशन को गलत बताया है , जबकि मामले में एन ओ सी जारी भी नही की गई है। मामले में डी एफ ओ अरविंद कुमार झा ने बताया कि मामले को लेकर सम्बंधी रेंजर को मौका देखने कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए । पूरा मामला हिंडोली तहसील के रामपुरिया गांव के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के बफर जोन का है । वहीं इस तरह मामले को लेकर जिला कलेक्टर द्वारा भी कोई आदेश नहीं मांगने की बात सामने आई है । मौखिक रूप से ही तहसीलदार द्वारा जयपुर से मामले में जानकारी ली गई तो उन्होंने मना कर दिया, यानी की पूरा मामला बफर जॉन में होने के चलते अब रामगढ़ टाइगर रिजर्व द्वारा रजिस्ट्री की जांच की जा रही है।



## बूंदी में विद्यालय के छात्रों को स्कूल बैग और कला किट वितरित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** बूंदी में गुरुवार को बूंदी के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोजा गेट में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को स्कूल बैग और कला किट वितरित किए गए। इस टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) वितरण समारोह का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूल के छात्रों को निजी स्कूलों के छात्रों के समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संसाधन उपलब्ध कराना था।समारोह में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रीति शर्मा मुख्य अतिथि रहीं, जबकि विद्यालय के प्रधानाचार्य राम चरण श्रृंगी ने अध्यक्षता की।वितरण के पीछे का विचार छात्रों को न केवल बेहतर शैक्षिक सुविधाएँ देना है, बल्कि उन्हें रचनात्मक गतिविधियों में भी शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना है। स्कूल बैग से सरकारी स्कूल के बच्चे भी गर्व के साथ अपने स्कूल आ सकेंगे, वहीं कला किट से उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ अन्य कलात्मक गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा। इस पहल से छात्रों को समग्र विकास में मदद मिलेगी।



## कावड़ यात्रियों का जत्था पैदल उज्जैन महाकाल रवाना हुआ

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के गंगधार कस्बे में महाकाल मित्र मंडल के तत्वाधान में कावड़ यात्रियों की शोभा यात्रा बड़ी धूम धाम से निकाली , जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए नीलकंठ महादेव मंदिर पहुंची, जहां महाआरती कर शोभायात्रा का समापन किया, गया तत्पश्चात कावड़ यात्री उज्जैन महाकाल के लिए रवाना हो गए, कार्यक्रम में अध्यक्ष नेपाल सिंह, जगदीश राठौर, राजेश नीमा,दिलीप मोरी,मनीष मिश्रा, बंसीलाल राठौर,हीरालाल वर्मा ,मथुरेश शर्मा ,प्रमोद निगम, जितेंद्र देवड़ा आशीष भट्ट, हरिओम शर्मा,भूपेंद्र सिंह, हरि राठौर एवं गांव के गणमान्य नागरिक साथ रहे।



## हरियालो राजस्थान मिशन की बैठक शुक्रवार को

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 24 जुलाई को हरियालो राजस्थान मिशन के अन्तर्गत हरियाली तीज के अवसर पर 9 लाख पौधारोपण करवाने के सम्बन्ध में बैठक शुक्रवार 25 जुलाई को अपराह्न 4 बजे आयोजित होगी। यह बैठक जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राम प्रकाश की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित की जाएगी बैठक में विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

### निंबार्क आश्रम बना धर्म, आध्यात्म और भक्ति के अद्भुत संगम का साक्षी

# गंगाजल से अभिषेक करने से मिलती मन और आत्मा को शांति:महंत मोहन शरण शास्त्री

### हरिद्वार के पावन गंगाजल से हुआ नर्वदेश्वर महादेव का भव्य सहस्त्राभिषेक

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (अमित शर्मा)। धर्म, आध्यात्म और भक्ति के अद्भुत संगम का साक्षी बना गांधी नगर स्थित निंबार्क आश्रम, जहाँ महंत मोहन शरण शास्त्री के पावन सानिध्य में एक अद्वितीय और भव्य आयोजन संपन्न हुआ। श्री निंबार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट एवं निंबार्क सेवा समिति के तत्वावधान में निंबार्क आश्रम के सभी भक्तों ने मिलकर पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया और फिर हरिद्वार के पवित्र शिव की पौढ़ी से लाए गए गंगाजल से विधिवत नर्वदेश्वर महादेव एवं इन पार्थिव शिवलिंगों का सहस्त्राभिषेक किया। इस अद्भुत अनुष्ठान के लिए आश्रम में विशेष तैयारी की गई थी। विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण गूँज उठा, और भक्तों की श्रद्धा देखते ही बन रही थी। एक-एक बूँद गंगाजल से महादेव का अभिषेक करते हुए, हर भक्त ने अपने हृदय में गहरी आस्था और भक्ति का अनुभव किया। सहस्त्राभिषेक के उपरांत, भगवान भोलेनाथ का विशेष और अलौकिक श्रृंगार किया गया। उनकी मनमोहक छवि देख सभी भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए गए, जिनमें विविध प्रकार के व्यंजनों और मिष्ठानों को शामिल किया गया था। अंत में, भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने भाग लिया और समवेत स्वरों में महादेव की जय-जयकार की। महंत मोहन शरण शास्त्री ने इस अवसर पर भक्तों को संबोधित करते हुए कहा, महादेव की कृपा से ही यह पुनीत कार्य संपन्न हो पाया है। गंगाजल से अभिषेक करने से न केवल पापों का नाश होता है, बल्कि मन और आत्मा को भी शांति मिलती है। ऐसे आयोजनों से समाज में धार्मिक सद्भाव और सकारात्मकता का संचार होता है। यह आयोजन निंबार्क आश्रम में उपस्थित सभी भक्तों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया, जिसने उन्हें आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।





## मानव दुव्यापार के खिलाफ भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन में जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (अमित शर्मा)। भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 तथा नवाचार संस्थान द्वारा एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन के तहत विश्व मानव दुव्यापार के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रेलवे स्टेशन में उप निरीक्षक प्रेम सिंह व टीम एवं नवाचार संस्थान के समन्वयक जितेंद्र सिंह तोमर, भगवत सिंह चारण अल्का ओझा व बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 के सुपरवाइजर राधेश्याम गुर्जर व आनंद कुमार सुनारिया ने जागरूकता अभियान का संचालन किया। उप निरीक्षक प्रेम सिंह ने रेलवे स्टेशन पर मौजूद सभी नागरिकों को जानकारी दिया कि अगर स्टेशन पर किसी प्रकार का बाल तस्करी का मामला आता है, तो तुरंत हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क करें। जिससे बाल तस्करी को रोका जा सके । साथ ही रेलवे पुलिस फोर्स के टोल फ्री नंबर की जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी लड़का वा लड़की का तस्करी होता है, तो हमे सतर्क रहना है तथा तुरंत सरकार के टोल फ्री नंबर 1098 में कॉल करके सूचना देना है इसके बाद बच्चो को या बच्चा को रेस्क्यू कर उसे बचाया जा सके।

नवाचार संस्थान के समन्वयक जितेंद्र सिंह ने बाल तस्करी , बाल जौन उत्पीड़न, बाल मजूरी तथा बाल विवाह के खिलाफ नवाचार संस्थान द्वारा चलाए जा रहे अभियान को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। नवाचार संस्थान के सचिव अरुण कुमावत ने बताया कि रेलवे बोर्ड, भारत सरकार के निर्देश पर यह जागरूकता अभियान सभी रेलवे स्टेशनों में चलाया जा रहा है। मानव दुव्यापार तथा तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगामी 30 जुलाई विश्व मानव दुव्यापार विरोधी दिवस तक जारी रहेगा।



## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले से कटे ओष्ठ-तालु से पीड़ित 5 बच्चे जयपुर रवाना

### जन्मजात बीमारियों से ग्रसित बच्चों को निशुल्क ऑपरेशन से मिलेगा नया जीवन, सीएमएचओ ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के कटे ओष्ठ और तालु से पीड़ित पाँच बच्चों को गुरुवार को जयपुर स्थित अभिषेक हॉस्पिटल में नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु भेजा गया। इन बच्चों को राज्य सरकार द्वारा आरबीएसके कार्यक्रम के तहत उच्च स्तरीय चिकित्सकीय देखरेख में मुफ्त सर्जरी की सुविधा दी जाएगी, जिससे वे सामान्य जीवन जी सकें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. पी. गोस्वामी ने हरी झंडी दिखाकर ऑपरेशन वेन को रवाना किया और बच्चों तथा उनके परिजनों को शुभकामनाएं दीं। सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी ने बताया कि यह पहल उन जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो महंगे उपचार का खर्च नहीं उठा सकते। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर विभिन्न जन्मजात एवं गंभीर रोगों की पहचान की जाती है और योग्य बच्चों को सरकार द्वारा मुफ्त उपचार की सुविधा प्रदान की जाती है। जिला स्तर पर गठित आरबीएसके टीमों द्वारा इन बच्चों की स्क्रीनिंग कर ऑपरेशन की प्रक्रिया तय की गई। गुरूवार को जिले में स्क्रीनिंग जांच में जन्मजात बीमारियों से ग्रसित राधे पुत्र कमलेश, मेहुल पुत्र प्रकाश पोकरणा, माया पुत्री गोपाल जीनगर, श्रीया पुत्री शंकरलाल व प्रिया पुत्री रामेश्वर लाल सहित कुल 5 बच्चों को ऑपरेशन के लिए उच्च चिकित्सा संस्थान में उपचार के लिए भिजवाया गया है। इनके इलाज का समस्त प्रकार का खर्चा राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। इस अवसर पर एडीएनओ आरबीएसके डॉ. दिनेश कुमार शर्मा, अभिषेक हॉस्पिटल से गिरीश माथुर, अभिभावकगण एवं अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित

### जल जीवन मिशन के समस्त बकाया कनेक्शन तत्काल करने के निर्देश दिए

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 24 जुलाई को जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में गुरूवार को जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश प्रदान किए।जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति (डीडब्ल्यूएमएस) की बैठक गुरूवार को आयोजित हुई। इसमें जिला कलक्टर ने जल जीवन मिशन के समस्त बकाया कनेक्शन तत्काल करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार मेजर प्रोजेक्ट के कार्य की गति बढ़ा कर बकाया नल कनेक्शन तत्काल जारी किए जाने के लिए भी निर्देशित किया। किए गए नल कनेक्शनों को पॉर्टल पर अपलोड करें। एफएचटीसी ग्रामों के समस्त आंगनबाडी केन्द्र, विद्यालय एवं ग्राम पंचायत भवन को नल कनेक्शन से जोड़ना सुनिश्चित करें। इसके लिए विद्यालयों के डाटा विभाग आपस में साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि जल जीवन से सम्बन्धित भुगतान शीघ्र करवाने के लिए विभागीय अधिकारी सक्षम स्तर के साथ लगातार सम्पर्क में रहेंगे। क्षेत्र से लगातार पेयजल के नमूने लेते रहे। इनकी जांच करवाएं। शुद्ध पेयजल की सप्लाई सुनिश्चित की जाए। विभिन्न स्थानों पर से लिकेज रोकें। सम्पर्क पोर्टल, जनसुनवाई एवं सीपीग्राम पोर्टल के प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाएं। ई-फाईल तथा ई-डाक के प्रकरणों में औसत निस्तारण समय कम करने का प्रयास करें। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता रामचन्द्र राड़, राजीव कुमार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## अजमेर में कर्मचारी भविष्य निधि का क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की माँग को लेकर भागीरथ चौधरी ने लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर/किशनगढ़,( घनश्याम दास )।** अजमेर से लोकसभा सांसद तथा केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखकर बजट वर्ष 2025-26 की विभागीय कार्ययोजना में अजमेर में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित करने की माँग की है। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि अजमेर जिला राजस्थान का एक प्रमुख औद्योगिक, शैक्षिक और धार्मिक महत्व का केंद्र है, जहाँ बड़ी संख्या में निजी उद्योगों, संस्थानों और प्रतिष्ठानों में हजारों की संख्या में श्रमिक एवं कर्मचारी कार्यरत हैं। वर्तमान में अजमेर, टोंक, नागौर और भीलवाड़ा जिलों के पीएफ अंशदान और संबंधित शिकायतों का कार्य जयपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आता है। जयपुर कार्यालय पर पहले से ही कार्यभार अत्यधिक है, जिससे श्रमिकों और नियोक्ताओं को समस्याओं के समाधान में विलंब और अनावश्यक यात्रा करनी पड़ती है। पत्र के माध्यम से केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि वर्तमान में राजस्थान में केवल चार क्षेत्रीय कार्यालय—जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर ही संचालित हैं, जबकि राज्य में बड़ी संख्या में औद्योगिक बेल्ट और श्रमिक आबादी वाले जिले हैं। भागीरथ चौधरी ने बताया कि वर्ष 2021 में तत्कालीन केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान अलवर में एक अतिरिक्त क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की घोषणा की गई थी, और उसी यात्रा में अजमेर में भी कार्यालय खोलने की संभावना जताई गई थी।

## हरियाली अमावस्या महोत्सव हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया

### ढोढर गांव में सांवरिया सेठ मंदिर में विशाल भजन संध्या एवं महाप्रसादी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला से पैदल यात्रा संघ भी ढोढर पहुंचा उसमें करीब 150 से 200 लोगों ने भाग लिया।श्रावण मास की अमावस्या के पावन अवसर पर सुवासरा के पास ग्राम ढोढर स्थित सांवलिया सेठ मंदिर परिसर में हरियाली अमावस्या महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार सुबह 10:30 बजे महाआरती से हुआ। इसके बाद सुबह 11 बजे से विशाल भजन संध्या एवं महाप्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज़ से आए श्रद्धालु शामिल हुए। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने सांवलिया सेठ के भजनों की मनोहारी व आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे सांवरिया सेठ मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो गया।आयोजन की व्यवस्था समस्त धर्मप्रेमी भक्तों द्वारा की गई थी, जिनमें ग्राम ढोढर, सुवासरा एवं चौमहला के भक्तों का विशेष सहयोग रहा।उल्लेखनीय हे कि हर माह आने वाली प्रत्येक अमावस्या को चौमहला से पैदल भक्त मंडल यात्रा संघ का जत्था ढोढर पहुंचता हे ,जिसमें 150 से 200 श्रद्धालु भक्त गण शामिल होते हे ।

## अवैध रूप से रॉयल्टी वसूली के खिलाफ बिनोता ग्राम पंचायत वासियो का उपखंड कार्यालय निम्बाहेड़ा और बिनोता नाके पर प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)। निंबाहेड़ा तहसील के बिनोता ग्राम पंचायत वासियो ने अवैध रूप से ली जा रही रॉयल्टी से परेशान होकर उपखंड कार्यालय निम्बाहेड़ा उपखंड अधिकारी निंबाहेड़ा को ज्ञापन देने आए थे लेकिन छुट्टी होने की वजह से ज्ञापन नही दे पाए और वापस जाकर बिनोता नाके पर रॉयल्टी ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन किया और कहा कि एक ही आइटम की अलग-अलग जगह अलग अलग रॉयल्टी क्यों खोडीप, मंडला चरण से खंडे व जुरी व गिट्टी के 200 इमारती पट्टी पत्थर के 500 जबकि बिनोता गांव वालों से रॉयल्टी ना केदार द्वारा खंडे जूरी गिट्टी के 700 ईमारती पत्थरों की 1700 सौ रूपये की अवैध वसूली करते है तथा पूछने पर बदतमीजी से बात करते हैं जब मल्लाचरण और खोडीप की रॉयल्टी कम है तो यहां की रॉयल्टी इतनी ज्यादा कैसे हैं जबकि एरिया नाका सब एक ही है ठेकेदार भी एक ही है आइटम भी एक ही है तो इतना भेदभाव क्यों कुछ बातचीत करने पर ठेकेदार के आदमी गाली गलौज पर उतर आते हैं हाथापाई करने लगते हैं ग्राम वासियों ने आरोप लगाया कि हमारे ट्रैक्टरों को जबरन बीच रास्ते में रुकवा देते हैं तथा जब तक रुपए नहीं देते तब तक यह छोड़ते भी नहीं है जबकि रॉयल्टी कटी होती है तो भी बीच रास्ते में गाड़ियां लगाकर आगे लगाकर दादागिरी करते हैं हम सभी ग्राम वासी इन रॉयल्टी ठेकेदार की दादागिरी से परेशान हो चुके हैं उनकी इन्हीं कार्य की वजह से कभी भी झगड़ा बढ़ने की संभावना रहती है यह लोग कभी भी किसी के साथ हाता पाई पर भी उतारू हो जाते हैं रॉयल्टी नाकेदार की अवैध वसूली अगर बंद नहीं हुई तो सभी ग्राम वासी मिलकर आंदोलन करेंगे बिनोता ग्राम वासियो का कहना है कि जो राशि सभी की रॉयल्टी की बनती है सबके लिए बनती है वही राशि ली जाए और बदतमीजी से बातें नहीं की जाए प्रदर्शन करने मे गाँव के विनोद कुमावत, संजय कुमावत, पीयूष दास,शौकीन, पूरन, अशोक माली, दिनेश, कमलेश नायक प्रभु लाल, मोहन सिंह रावत आदि ग्राम वासी मौजूद थे ।



"गीता के अनमोल वचन जीवन का उद्देश आत्म साक्षरता और मोक्ष प्राप्त करना हैं।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# हंगामे के भेंट चढ़ा मानसून सत्र का चौथा दिन, लोकसभा कार्यवाही सिर्फ 12 मिनट चली

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को सदन में हंगामा करने के लिए कांग्रेस सदस्यों को आड़े-हाथों लिया और कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के संस्कार सदन में नारेबाजी करने, तख्तियां लाने और मेजेंठोंकने के लिए नहीं रहे हैं, लेकिन इस दल के मौजूदा सांसदों का आचरण पूरा देश देख रहा है।

मानसून सत्र का चौथा दिन भी हंगामे के साथ शुरू हुआ। सदन में विपक्षी सांसदों के हंगामे के बाद लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। सत्र शुरू होने से पहले, विपक्षी सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित अन्य मुद्दों को लेकर संसद के मकर द्वार पर फिर से विरोध प्रदर्शन किया। सत्र के पहले तीन दिन इसी तरह के विरोध प्रदर्शनों के कारण लगभग बिना किसी कार्यवाही के ही बीत गए, जिसके कारण बार-बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी और कोई भी महत्वपूर्ण विधायी कार्य नहीं हो सका।

आपको बता दें कि विपक्ष ने केंद्र सरकार पर एसआईआर अभ्यास, ऑपरेशन सिंदूर, भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम पर बातचीत करने के डोनाल्ड ट्रम्प के बार-बार दावों पर बहस के लिए दबाव बनाना जारी रखा है, साथ ही सत्र के पहले दिन के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे पर जवाब मांग रहा है।

**लोकसभा की कार्यवाही**

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण बृहस्पतिवार को लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के रायबरेली स्थित आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (एमसीएफ) में संविदा कर्मचारियों को वेतन वितरण में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के उपाय किए गए हैं। उन्होंने बुधवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को सदन में हंगामा करने के लिए कांग्रेस सदस्यों को आड़े-हाथों लिया और कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के संस्कार सदन में नारेबाजी करने, तख्तियां लाने और मेजेंठोंकने के लिए नहीं रहे हैं, लेकिन इस दल के मौजूदा सांसदों का आचरण पूरा देश देख रहा है।

**राज्यसभा की कार्यवाही**

राज्यसभा में बृहस्पतिवार को बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किए जाने के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के कारण बैठक लगातार चौथे दिन बाधित रही और एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजकर पंद्रह मिनट पर कार्यवाही को पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। विपक्ष के हंगामे के कारण आज भी प्रश्नकाल नहीं चल पाया। राज्यसभा में बृहस्पतिवार को उन छह सदस्यों को विदाई दी गई जिनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है जिनमें से एक उच्च सदन के लिए पहले ही पुनर्निर्वाचित हो चुके हैं। सदन की बैठक शुरू होने पर उपसभापति हरिवंश ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसके बाद उन्होंने कहा कि छह सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है जिसमें एक, अन्नाद्रमुक के पी विल्सन दूसरे कार्यकाल के लिए सदन में वापस आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि द्रमुक के एम मोहम्मद अब्दुल्ला और एन षणमुगम, अन्नाद्रमुक के एम चंद्रशेखरन और पी विल्सन, पीएमके के डॉ अंबुमणि रामदॉस तथा एमडीएमके के एम वाइको का उच्च सदन में कार्यकाल समाप्त हो रहा है। राज्यसभा में बृहस्पतिवार को वरिष्ठ वकील एवं न्यायविद् उज्ज्वल निकम ने मनोनीत सदस्य के रूप में शपथ ली। निकम ने मराठी में ईश्वर के नाम पर शपथ ली।

## मेयर कुसुम यादव के खिलाफ कांग्रेसी पार्षदों ने निकाली रैली

### बोले- पट्टों के भ्रष्टाचार में शामिल को हटाकर चुनाव कराए सरकार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** जयपुर नगर निगम हेरिटेज में विवाद दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। सरकारी जमीन पर गलत ढंग से पट्टे जारी करने के बाद जहां स्वायत्त शासन विभाग ने नगर निगम के चार अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया। वहीं, अब कांग्रेसी पार्षदों ने इस पूरे मामले पर कार्यवाहक मेयर कुसुम यादव के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।दरअसल, नेहरू नगर पानी पेच में सरकारी जमीन पर गलत ढंग से पट्टे जारी करने के मामले में गुरुवार को नगर निगम हेरिटेज मुख्यालय में 20 से ज्यादा कांग्रेसी पार्षदों ने रैली निकाल मेयर कुसुम यादव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा- सरकार बार-बार कार्यवाहक मेयर लगाकर लोकतंत्र का अपमान कर रही है। इसलिए जल्द से जल्द मेयर पद पर चुनाव का आयोजन किया जाना चाहिए।

**भ्रष्टाचार में मेयर भी शामिल**

कांग्रेसी पार्षद दशरथ सिंह शेखावत ने कहा- सरकारी जमीन पर 100 करोड़ से ज्यादा का घोटाला करने पर बुधवार को ही नगर निगम के चार अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया गया है। मेयर कुसुम यादव की ओएसडी हंसा मीणा को भी सस्पेंड कर दिया गया है।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश में इकलौते बचे विश्वास सदमे में




बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अहमदाबाद विमान हादसे को डेढ़ महीना हो गया है, लेकिन कई पीड़ित परिवार अभी भी 270 लोगों की जान लेने वाली इस त्रासदी के सदमे से उबर नहीं पाए हैं। कुछ ऐसा ही हाल विमान हादसे में इकलौते बचे शख्स विश्वास कुमार भालिया का है, जिन्होंने हादसे में अपने भाई अजय को अपनी आंखों के सामने मरते देखा। विश्वास अब तक सदमे से उबर नहीं पाए हैं। उनके परिवार का कहना है कि विश्वास को नींद नहीं आती। रात-रातभर जागते रहते हैं। इस वजह से उसका एक छोटे बच्चे की तरह हर समय ध्यान रखना पड़ रहा है। परिवार के अलावा दोस्त भी लगातार उनका हौसला बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। मानसिक आघात पहुंचा- दिव्य भास्कर ने विश्वास के पिता रमेशभाई भालिया से फोन पर बात की तो उन्होंने भी बेटे की हालत को लेकर चिंता जताई।

## 50 मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ आरएसएस चीफ की अहम बैठक, कितनी कारगर होगी मोहन भागवत की पहल?

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आरएसएस, अपने संबद्ध संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) के माध्यम से मुस्लिम मौलवियों, विद्वानों और समुदाय की प्रमुख हस्तियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहा है। 2023 में, एमआरएम ने अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ने और एक राष्ट्र, एक ध्वज, एक राष्ट्रगान की अवधारणा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक राष्ट्रव्यापी अभियान की योजना की घोषणा की है।

सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने की एक उल्लेखनीय पहल के तहत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने आज दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुस्लिम धर्मगुरुओं और बुद्धिजीवियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले, सह महासचिव कृष्ण गोपाल, वरिष्ठ नेता रामलाल और इंद्रेश कुमार भी मौजूद थे। समाचार एजेंसी एएनआई के सूत्रों के अनुसार, अखिल भारतीय इमाम संगठन के प्रमुख उमर अहमद इलियासी सहित कई मुस्लिम धार्मिक नेता इस बैठक में भाग लेने वाले थे।

आरएसएस, अपने संबद्ध संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) के माध्यम से मुस्लिम मौलवियों, विद्वानों और समुदाय की प्रमुख हस्तियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहा है। 2023 में, एमआरएम ने अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ने और एक राष्ट्र, एक ध्वज, एक राष्ट्रगान की अवधारणा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक राष्ट्रव्यापी अभियान की योजना की घोषणा की है।

**मोहन भागवत ने 2022 में मुस्लिम बुद्धिजीवियों से की थी मुलाकात**

सितंबर 2022 में, भागवत ने भारत में धार्मिक समावेशिता को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए कई प्रमुख मुस्लिम बुद्धिजीवियों से मुलाकात की। इस बैठक का उद्देश्य आरएसएस के विचारों का प्रचार-प्रसार करना और समुदायों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देना था। ज्ञानवापी मस्जिद विवाद, हिजाब विवाद और जनसंख्या नियंत्रण जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। इस बैठक में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) एस वाई कुरैशी, दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल (एलजी) नजीब जंग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के पूर्व कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल ज़मीर उद्दीन शाह, पूर्व सांसद शाहिद सिद्दीकी और व्यवसायी सईद शेरवानी जैसे कई बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। अक्टूबर 2022 में आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार ने नई दिल्ली स्थित हज़रत निज़ामुद्दीन दरगाह का दौरा किया और दरगाह परिसर में मिट्टी के दीये जलाए।

## अनिल अंबानी की 50 कंपनियों पर ईडी की रेड

### 3000 करोड़ के लोन फ्रॉड का मामला, यस बैंक से लिए पैसों का गलत इस्तेमाल का आरोप

बढ़ता राजस्थान



**मुंबई (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़े 35 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। इसमें करीब 50 कंपनियां शामिल हैं। 25 से ज्यादा लोगों से भी पूछताछ की गई है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यस बैंक से लिए 3000 करोड़ रुपए के लोन धोखाधड़ी मामले में गुरुवार, 24 जुलाई को की गई ये रेड दिल्ली और मुंबई में चल रही है। ये छापेमारी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 17 के तहत की गई है।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ये कार्रवाई सीबीआई की ओर से दर्ज दो एफआईआर और सेबी, नेशनल हाउसिंग बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी (एनएफआरए) जैसी एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर की गई है।

सवाल 1- अनिल अंबानी के ग्रुप के खिलाफ श्रष्ठ ने कार्रवाई क्यों की है?

जवाब- मामला 2017 से 2019 के बीच यस बैंक द्वारा अनिल अंबानी से जुड़े रिलायंस ग्रुप की कंपनियों को दिए गए करीब 3,000 करोड़ रुपए के लोन से जुड़ा है।

ईडी की शुरुआती जांच में पता चला है कि इन लोन्स को कथित तौर पर फर्जी कंपनियों और ग्रुप की अन्य इकाइयों में डायवर्ट किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि यस बैंक के बड़े अधिकारियों को शायद रिश्वत दी गई है।

सवाल 2- ईडी की जांच में और क्या-क्या सामने आया?

जवाब- ईडी का कहना है कि ये एक सोचा-समझा और सुनियोजित प्लान था, जिसके तहत बैंकों, शेयरहोल्डर्स, निवेशकों और अन्य सार्वजनिक संस्थानों को गलत जानकारी देकर पैसे हड़पे गए। जांच में कई गड़बड़ियां पकड़ी गईं,

सवाल 3- इस मामले में सीबीआई की क्या भूमिका है?

जवाब- सीबीआई ने दो मामलों में एफआईआर दर्ज की थी। ये मामले यस बैंक द्वारा रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड को दिए गए दो अलग-अलग लोन से जुड़े हैं। दोनों ही मामलों में सीबीआई ने यस बैंक के पूर्व सीईओ राणा कपूर का नाम लिया था।इसके बाद एक अधिकारी ने बताया कि नेशनल हाउसिंग बैंक, सेबी, नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी और बैंक ऑफ बड़ौदा जैसी अन्य एजेंसियों और संस्थानों ने भी श्रष्ठ के साथ जानकारी साझा की।

## राजस्थान में बजरी, मार्बल और पत्थर हुआ महंगा:सैंड स्टोन पर 80 और बजरी पर 15 रुपए टन की बढ़ोतरी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान सरकार ने खनिज पदार्थों पर वसूल किए जाने वाले रॉयल्टी शुल्क को बढ़ा दिया है। सरकार के इस फैसले से अब प्रदेश में बजरी, पत्थर, मार्बल समेत कुल 24 खनिजों पर रॉयल्टी बढ़ गई है। रॉयल्टी बढ़ने का असर कंस्ट्रक्शन करवाने पर पड़ेगा।नई अधिसूचना के मुताबि?क बजरी पर लगने वाली रॉयल्टी फीस को 15 रुपए प्रति टन, जबकि सैंड स्टोन (चेजा पत्थर) पर रॉयल्टी को 80 रुपए टन तक बढ़ा दिया है। जानकारों की मानें तो इस रॉयल्टी के बढ़ने से बजरी की कीमत प्रति ट्रक (40 टन क्षमता) पर 600 रुपए तक बढ़ जाएगी।खनिज विभाग से जारी नई अधिसूचना के मुताबिक अभी तक भरतपुर, झुंझुनूं, टोंक, धौलपुर, सवाई माधोपुर, सीकर और भीलवाड़ा जिले से निकलने वाली बजरी पर रॉयल्टी 50 रुपए प्रति टन, जबकि शेष जिलों से निकलने वाली बजरी पर 45 रुपए प्रति टन की दर से वसूली जाती थी।अभी तक पूर्वी राजस्थान के इलाकों से निकलने वाली बजरी को अच्छी मानते हुए उन पर ज्यादा रॉयल्टी वसूली जाती थी, लेकिन सरकार ने अब सभी जिलों में समान दर पर रॉयल्टी लेने का नियम कर दिया। साथ ही इसे बढ़ाकर अब 60 रुपए प्रति टन कर दिया है।

**चेजा पत्थर 80 रुपए टन तक महंगा**

राजस्थान में कंस्ट्रक्शन में सबसे ज्यादा चेजा पत्थर का उपयोग होता है। इस पत्थर पर सरकार अभी तक 240 रुपए प्रति टन रॉयल्टी वसूल करती थी। इसे अब बढ़ाकर 320 रुपए प्रति टन कर दिया है। यानी 80 रुपए प्रति टन की बढ़ोतरी की है। ये रॉयल्टी तैयार पत्थर पर ली जाती है। खदानों से निकलने वाले चेजा पत्थर के कच्चे माल पर भी रॉयल्टी बढ़ा दी गई है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# हमारे पास पूरे सबूत, छोड़ेंगे नहीं...एसआईआर को राहुल गांधी ने चुनाव आयोग दी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राहुल गांधी ने साफ तौर पर कहा कि मैं चुनाव आयोग को एक संदेश देना चाहता हूँ- अगर आपको लगता है कि आप बच निकलेंगे, अगर आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे बच निकलेंगे, तो आप गलत हैं। आप बच नहीं पाएँगे, क्योंकि हम आपके पीछे पड़ जाएँगे।

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को चुनाव आयोग को चेतावनी दी कि विपक्ष बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में उन्हें किसी भी कीमत पर बच निकलने नहीं देगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मैं चुनाव आयोग को एक संदेश देना चाहता हूँ- अगर आपको लगता है कि आप बच निकलेंगे, अगर आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे बच निकलेंगे, तो आप गलत हैं। आप बच नहीं पाएँगे, क्योंकि हम आपके पीछे पड़ जाएँगे।

लोकसभा की कार्यवाही स्थगित होने के तुरंत बाद, लोकसभा नेता राहुल गांधी ने संसद भवन के बाहर संवाददाताओं से कहा। उन्होंने भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) पर कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया। गांधी ने दावा किया कि उनके पास कथित हेराफेरी, जिसमें मतदाताओं के नाम जोड़ने और हटाने का काम शामिल है, के 100 प्रतिशत सबूत हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक कोई सबूत पेश नहीं किया है।उन्होंने आरोप लगाया कि एक ही निर्वाचन क्षेत्र में 50, 60 और 65 वर्ष की आयु के हजारों नए मतदाताओं को सूची में जोड़ा गया है और 18 वर्ष से अधिक आयु के पात्र मतदाताओं को सूची से हटा दिया गया है। उन्होंने कहा, आज हमारे पास 100 प्रतिशत सबूत हैं कि चुनाव आयोग ने कर्नाटक में एक सीट पर धोखाधड़ी की अनुमति दी। जब हम इसे आपको दिखाने का फैसला करते हैं, तो यह 100 प्रतिशत सबूत होता है। हमने सिर्फ एक निर्वाचन क्षेत्र को देखा और हमें यह पता चला। मुझे पूरा यकीन है कि निर्वाचन क्षेत्र दर निर्वाचन क्षेत्र यही नाटक है। एक निर्वाचन क्षेत्र में हजारों नए वोट हैं, जिनकी उम्र 50 या 60, 65 वर्ष है। फिर मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं, जो 18 वर्ष से अधिक उम्र के हैं।

सीपीआई महासचिव डी राजा ने कहा कि बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण ने गरीबों, दलितों, आदिवासियों और प्रवासी मजदूरों सहित आम लोगों के लिए भारी समस्याएँ और कठिनाइयाँ पैदा कर दी हैं। हमारी पार्टी एसआईआर प्रक्रिया को वापस लेने की माँग करती है। चुनाव आयोग 2024 की मतदाता सूचियों के आधार पर चुनाव करा सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को सभी राजनीतिक दलों के प्रति तटस्थ रहना चाहिए। बिहार में, हम आंदोलन कर रहे हैं और एसआईआर प्रक्रिया को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। हमारी पार्टी एसआईआर को चुनौती देने वाली सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिकाकर्ता भी है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार